जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर, शनिवार 19 अक्टूबर, 2024

KEDIA सेजस्थान

# महा दिवाली

## 15 लाख का महा-लाभ


FIXED PRICE GUARANTEED

इस दिवाली 15 लाख और बढ़ेगी रेट !

NO MIDDLE-MEN

### FIXED PRICE

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE |
|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS |
| KOTHI | ~~3 BHK BIG~~ SOLD OUT | ~~2000 Sq Ft~~ SOLD OUT | ~~84.60 LACS~~ SOLD OUT |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 141.00 LACS |



KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

POSSESSION: DEC. 2025

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**बड़े को छोटा बनकर रहना चाहिए, क्योंकि जो अपने आप को बड़ा मानता है, वह छोटा बन जाता है और जो छोटा बनता है वह बड़ा पद पाता है।**

**–ईसा**

# एमएसपी घोषणा के साथ ही जरुरी है खरीद और बाजार संतुलन

किसानों के हित में बड़ा फैसला करते हुए केन्द्र सरकार ने गेहूं सहित छह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी है। बुवाई के समय ही फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा अच्छी परंपरा मानी जा सकती है। केन्द्र सरकार द्वारा रवी फसलों के लिए घोषित समर्थन मूल्य में रेपसीड और सरसों की एमएसपी में गए साल की तुलना में सर्वाधिक 300 रु., मसूर में 275 रु., चना में 210 रु., गेंहू में 150 रु. कुसुम में 140 रु. और जौ में 130 रु.की बढ़ोतरी की है।

केन्द्र सरकार द्वारा किए गए दावें के अनुसार देखा जाए तो गेंहू की लागत से 105 प्रतिशत, रेपसीड सरसों में 98 प्रतिशत, मसूर में 89, जौ और चना में 60-60 प्रतिशत और कुसुम में 50 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

निष्कर्ष रुप से यह कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। सरकार का दावा है कि लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर खरीद की शुरुआत भी समय पर कर दी जाती है। अब ऑलाईन व्यवस्था होने से खरीद में कुछ हद तक पारदर्शिता आई है तो भुगतान भी सीधे काश्तकार के खाते में होने से भुगतान में होने वाले लीकेज में भी कुछ हद तक रोक लगी है। पर अब भी प्रष्न उसी प्रकार से सामने हैं और वह है खरीद की गांरटी तो दूसरा बाजार पर नियंत्रण। बाजार के ताजा हालात हमारे सामने है। पिछले एक-डेढ़ माह में समूचे देश में गेंहू के भावों में तेजी आई है और आटा मिलों द्वारा आटा के भावों में बेतहासा बढोतरी कर दी है। सब्जियों की मंहगाई से त्रस्त गरीब की रसोई को आटे के भावों ने बुरी तरह से प्रभावित किया है।

**सरकारी विशेषज्ञों को एक और बात पर ध्यान देगा होगा कि एक समय था जब सरकारी खरीद की घोषणा होते ही बाजार में उस जिंस के भावों में तेजी आ जाती थी और दस से पन्द्रह प्रतिशत खरीद होते-होते तो सरकार द्वारा घोषित दर और बाजार की दरों के बीच लगभग संतुलन आ जाता था। विचारणीय यह है कि क्या कारण है कि आज ऐसा नहीं होता।**

एमएसपी पर खरीद की गांरटी को लेकर किसान आंदोलन से जुड़े लोग आवाज उठाते रहे हैं। यह तो सही है कि सरकार द्वारा गेहूं चना, सरसों आदि की तो समय पर खरीद शुरु कर दी जाती है पर जरुरी यह हो जाता है कि जब तक बाजार भाव सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के करीब नहीं आ जाते हैं तब तक सरकार को खरीद जारी रखने का निर्णय किया जाना चाहिए।

सरकारी विशेषज्ञों को एक और बात पर ध्यान देगा होगा कि एक समय था जब सरकारी खरीद की घोषणा होते ही बाजार में उस जिंस के भावों में तेजी आ जाती थी और दस से पन्द्रह प्रतिशत खरीद होते-होते तो सरकार द्वारा घोषित दर और बाजार की दरों के बीच लगभग संतुलन आ जाता था।

विचारणीय यह है कि क्या कारण है कि आज ऐसा नहीं होता। दूसरा सरकार को बाजार पर नजर रखने वाली विशेषज्ञों की टीम भी बनानी होगी या यों कहे कि इस तरह के विशेषज्ञों को और अधिक सक्रिय करना होगा तब खरीद बंद होने और उसके बाद गाहे बेगाहे एकाएक बाजार में कृत्रिम कमी दिखाते हुए बाजार भावों में तेजी आ जाती है। यह भी देखना होगा कि बाजार में एक बार भाव बढ़ने पर उन्हें पूर्व स्तर पर लाना बहुत ही मुश्किल भरा काम हो जाता है।

दरअसल ऐसे हालातों से अन्नदाता, सरकार और आम आदमी तीनों ही प्रभावित होते हैं और फायदा केवल बिचौलियों को होकर रह जाता है। अन्नदाता नाराज होता है कि उसे अपनी पैदावार के पूरे पैसे नहीं मिले, बाजार भाव बढ़ने से आमआदमी की नाराजगी साफ है तो सरकार की भी किरकिरी होती है वह अलग। विपक्ष को आलोचना का मौका मिल जाता है। ऐसे में यदि बाजार पर नजर रखने वाली टीम सशक्त हो, उसका बाजार के हालातों पर सही और दूरगामी विश्लेषण किया जाता हो तो बाजार पर नियंत्रण रखने के साथ ही हालात पर समय रहते नियंत्रित किया जा सकता है।

हमारे सामने उदाहरण है समय विशेष पर टमाटर, प्याज, आलू सब्जियां ही नहीं दालों और पिछले दिनों में गेंहू के भावों में तेजी आ जाती है। अब यदि निगरानी तंत्र मजबूत हो तो संभावित कमी वाले दिनों में बाजार पर नियंत्रण की पहले से ही तैयारी की जा सकती है और इससे सरकार और आम आदमी दोनों ही लाभान्वित हो सकते हैं। सरकार और कृषि कारोबार से जुड़े लोगों को इस दिशा में काम करना होगा तभी वास्तविक लाभ अन्नदाता, सरकार और आमजन को मिल सकेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 19 अक्टूबर, 2024



पंडित अनिल शर्मा


कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, भरणी नक्षत्र दिन 10:47 तक, सिद्धि योग सायं 5:41 तक, गर करण प्रात: 9:49 तक, चन्द्रमा आज 4:10 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मिथुन, बुध-तुला, गुरू-वृष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा रात्रि 8:18 से आरम्भ होगी।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:57 से 9:22 तक, चर 12:12 से 1:37 तक, लाभ-अमृत 1:57 से 4:26 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:32, सूर्यास्त 5:51




**मेष**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।




**सिंह**

नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच-विचार होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।




**धनु**

परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी यथावत बनी रहेगी। मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है।




**कन्या**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। आज धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।




**मकर**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में आपसी अनबन बढ़ सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मिथुन**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।




**तुला**

व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।




**कुंभ**

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन ठीक रहेगा। व्यावसायिक मामलों में महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर- परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।




**कर्क**

व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।



**मीन**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# सायबर धोखाधड़ी का कहर

## टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों की लापरवाही का खामियाजा उठा रही है जनता



सुनील दत्त गोयल

आज के समय में डिजिटल तकनीक ने हमारी जिंदगी को बेहद आसान बना दिया है। हर काम, चाहे बैंकिंग हो, व्यापार हो या व्यक्तिगत संवाद, अब आसानी से ऑनलाइन किया जा सकता है। परंतु इसी डिजिटल दुनिया के साथ सायबर अपराधों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। एक प्रमुख कारण है कि सायबर अपराधियों के लिए मोबाइल सिम कार्ड और बैंक खातों की आसानी से उपलब्धता, जिनका गलत उपयोग करना उनके लिए बेहद सरल हो गया है। नतीजा यह है कि इससे आम नागरिकों और बैंकिंग व्यवस्था को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**सायबर अपराध की वर्तमान स्थिति:-** पिछले कुछ वर्षों में सायबर अपराध के मामलों में भारी वृद्धि देखी गई है। 2024 में भारत में प्रतिदिन औसतन 7,000 से अधिक सायबर अपराधों की शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। यह पिछले वर्षों की तुलना में लगभग 60.9 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो कि एक गंभीर समस्या है। सायबर अपराध की घटनाओं में बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों का बड़ा हिस्सा है। भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंकिंग धोखाधड़ी के 36,075 मामले सामने आए। यह संख्या पिछले वर्ष के 13,564 मामलों की तुलना में लगभग तीन गुना है। इन धोखाधड़ी के मामलों में वित्तीय नुकसान भी बहुत अधिक है।

मोबाइल सिम कार्ड का दुरुपयोग सायबर अपराधियों के लिए बेहद आसान हो गया है। आजकल सिम कार्ड पाना बहुत आसान है, और कई बार सिम कार्ड के लिए दिए जाने वाले दस्तावेज़ों की जांच सही तरीके से नहीं की जाती है। यहां यह अक्सर देखा गया है कि जितने भी मोबाइल ऑपरेटर कंपनियों है उनका अपने एजेंट को ऊपर भी अधिक से अधिक कनेक्शंस और सिम कार्ड बेचने का दबाव रहता है और उस वजह से अपराधी किस्म के लोग एक राज्य में या एक जिले से किसी और राज्य से भी सिम कार्ड को लाकर के किसी दूसरे राज्य में उसका दुरुपयोग करते हैं और उनका शुरू से ही मंशा यह रहती है की सिम कार्ड लिया जाए और उसे अपराधियों का हवाले कर दिया जाए क्योंकि सिम कार्ड का उपयोग अगर यह देखा जाए तो जेल के अंदर से आतंकवाद और क्राइम चलाया जा रहा है उसमें भी किया जाता है इसके कारण अपराधी फर्जी पहचान का उपयोग करके सिम कार्ड प्राप्त कर लेते हैं और उनका इस्तेमाल धोखाधड़ी और अन्य गैरकानूनी कार्यों में करते हैं।

**बैंकों और टेलीकॉम कंपनियों की ज़िम्मेदारियां:** -सायबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए बैंकों और टेलीकॉम कंपनियों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। सिम कार्ड और बैंक खातों की आसान उपलब्धता के कारण सायबर अपराधियों के लिए धोखाधड़ी करना आसान हो गया है। इसलिए, टेलीकॉम कंपनियों और बैंकों को अपने कार्यों में अधिक पारदर्शिता और सख्ती बरतने की आवश्यकता है।

सिम कार्ड जारी करते समय ग्राहक की पहचान की पूरी तरह से पुष्टि करना आवश्यक है। कई बार फर्जी पहचान पत्रों का उपयोग करके सिम कार्ड प्राप्त किए जाते हैं, जो सायबर अपराधों में मददगार साबित होते हैं।

**बैंकों की जिम्मेदारियां:-री-केवाईसी और खाताधारक की पहचान:** बैंकों को सभी बचत खातों की समय-समय पर केवाईसी प्रक्रिया को अपडेट करने की आवश्यकता है। खाताधारक के पते, पहचान उसके आए के स्त्रोत एवं खाता खोलने का उद्देश्य भी बैंक को जानना चाहिए और उसको रिकॉर्ड पर लेना चाहिए और अन्य व्यक्तिगत जानकारी को सही तरीके से अपडेट करना आवश्यक है, ताकि किसी भी तरह के फर्जी खातों की पहचान की जा सके। इसके साथ ही, बैंक कर्मचारी, जिन्होंने ये खाते खोले हैं, उनकी भी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

**संदिग्ध ट्रांजैक्शन की निगरानी:** आरबीआई के नियमों के अनुसार, 50,000 से अधिक की नकद जमा या निकासी होने पर तुरंत उस खाते की जांच की जानी चाहिए। इसके अलावा, महीने में 1,00,000 से अधिक एवं 1 वर्ष में 10 लख रुपए तक का ही ट्रांजैक्शन आरबीआई के द्वाराअधिकृत है इससे ज्यादा का ट्रांजैक्शन होने पर खाताधारक से संपर्क किया जाना चाहिए और ट्रांजैक्शन की सत्यता की पुष्टि की जानी चाहिए। इससे सायबर अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। बैंकों को अपने कर्मचारियों की निगरानी भी करनी चाहिए, विशेषकर उन कर्मचारियों की, जो अस्थायी या ठेके पर कार्यरत हैं। कई बार ये कर्मचारी अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए छोटे खाताधारकों को आकर्षक प्रस्ताव देते हैं, जिससे बैंकिंग धोखाधड़ी का खतरा बढ़ जाता है। अगर किसी खाते में गड़बड़ी पाई जाती है, तो खाते को खोलने वाले कर्मचारी और उस दिन कंप्यूटर पर कार्यरत कर्मचारी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

बैंकों को रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करना चाहिए, ताकि किसी भी बड़े ट्रांजैक्शन पर तुरंत ध्यान दिया जा सके। इसके अलावा, ऐसी सभी संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों की सूचना आरबीआई और आयकर विभाग को दी जानी चाहिए ताकि किसी भी अवैध लेन-देन पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

**कर्मचारी दंड नीति:** यदि किसी बैंक कर्मचारी की संलिप्तता फर्जी खातों या सायबर अपराधों में पाई जाती है, तो उसे कम से कम 2 से 5 साल तक बैंकिंग क्षेत्र से निलंबित कर दिया जाए और उसकी पहचान को वित्तीय संस्थानों से ब्लैकलिस्ट कर दिया जाए। यह सख्त नीति बैंकों की जिम्मेदारी को सुनिश्चित करेगी और कर्मचारियों के बीच अधिक अनुशासन बनाए रखेगी।

अगर किसी खाते में अनियमितता पाई जाती है, तो खाता खोलने वाले कर्मचारी और उस दिन कंप्यूटर पर काम कर रहे कर्मचारी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। आरबीआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी एब्नार्मल अमाउंट के खाते में जमा होने पर उसे तुरंत होल्ड पर रख दिया जाना चाहिए और खाताधारक से संपर्क करके यह मालूम करें कि यह पैसा उसके पास कहां से आया वह उसका स्त्रोत बताएं अन्यथा वह पूरी सूचना आयकर विभाग को तुरंत सूचित कर दें और पुलिस को सूचना कर दें क्योंकि एक सामान्य बचत खाते में इस तरह का बड़ा अमाउंट अगर आता है तो अपने आप ही शक के घेरे में आ जाता है और बैंक वालों के लिए यह मालूम करना बड़ा आसान काम है कि अमाउंट किसका आया और कहां से है यह दोनों उनको मालूम पड़ जाता है। और यह अमाउंट अगर 2 दिन के लिए भी होल्ड कर दिया जाएतो इसके साथ भी फ्रॉड हुआ है उसकी सूचना पुलिस के लिए बैंक तक पहुंच भी जाएगी और वह पैसा बैंक के खाते में ही जमा रह जाएगा

**सरकार और आरबीआई के कदम:**

**ऑडिट और मॉनिटरिंग:** भारत सरकार और आरबीआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बैंकों और टेलीकॉम कंपनियों के द्वारा समय-समय पर ऑडिट किया जाए। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि वे प्रक्रिया और अन्य सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन कर रहे हैं या नहीं। इसके अलावा, सायबर अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए एक केंद्रीकृत कंट्रोल रूम का भी गठन किया जाना चाहिए।

**सायबर अपराध से निपटने के लिए सरकारी कदम**

भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक सायबर अपराधों को रोकने के लिए विभिन्न उपाय कर रहे हैं। सायबर सुरक्षा नीति 2020 के तहत डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, सायबर पुलिस बलों का गठन भी किया गया है, ताकि सायबर अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद सायबर अपराधों की संख्या कम नहीं हो रही है। इसका मुख्य कारण यह है कि सिम कार्ड और बैंक खातों की उपलब्धता में अभी भी पर्याप्त सख्ती नहीं बरती जा रही है। भारत सरकार और आरबीआई को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बैंकों और टेलीकॉम कंपनियों के द्वारा समय-समय पर ऑडिट किया जाए। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि वे प्रक्रिया और अन्य सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन कर रहे हैं या नहीं। इसके अलावा, सायबर अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए एक केंद्रीकृत कंट्रोल रूम का भी गठन किया जाना चाहिए।

**जागरूकता की आवश्यकता:-** सायबर अपराधों से बचने के लिए नागरिकों को भी जागरूक होने की जरूरत है। हमें अपने व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रखना चाहिए और किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग जानकारी साझा करने से बचना चाहिए। साथ ही, संदिग्ध कॉल या मैसेज से भी सतर्क रहना चाहिए। बैंक और टेलीकॉम कंपनियों को भी अपने ग्राहकों को सायबर सुरक्षा के बारे में जानकारी देनी चाहिए और उन्हें सतर्क रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**निष्कर्ष:-** सायबर अपराध एक गंभीर समस्या बन चुकी है, और इसके लिए मोबाइल सिम कार्ड और बैंक खातों की आसानी से उपलब्धता जिम्मेदार है। सरकार और आरबीआई को इस दिशा में कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। सिम कार्ड आवंटन प्रक्रिया में सख्ती और बैंक खातों में असामान्य लेन-देन पर सख्त निगरानी से इस समस्या पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। सुरक्षित डिजिटल भारत के लिए हमें सभी को मिलकर काम करना होगा। जागरूकता और सतर्कता ही इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं। यह न केवल हमारे देश के नागरिकों को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि बैंकिंग और संचार व्यवस्था में भी विश्वास को बढ़ावा देगा। धन्यवाद।

**-सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**
**जयपुर, राजस्थान**

# कॉलेज बनाम कोचिंग



प्रो. कैलाश सोडाणी

आज से 15-20 वर्ष पूर्व तक विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जो विद्यार्थियों का हुजुम दिखाई देता था, वह आज नदारद है। विद्यार्थियों की अनुपस्थिति से विश्वविद्यालयों की रौनक एवं चहल-पहल ही समाप्त हो गयी है, साथ ही शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक माहौल भी मृतप्राय हो गया है, जो विश्वविद्यालयों की पहचान होती थी, वह पहचान ही समाप्त होती जा रही है । विद्यार्थियों की संख्या में प्रतिवर्ष इजाफा होने के बावजूद क्लास रूम हो चाहे कैफेटेरिया, पुस्तकालय हो चाहे प्रयोगशाला चारों और सन्नाटा छाया हुआ है। कॉलेज में प्रवेश लेने के पश्चात अन्तत: छात्र जा कहाँ रहे हैं ? आज के हालात में यह हमारे लिए चिन्तन एवं चिंता का महत्वपूर्ण विषय होना चाहिये।

जहां रोजगार की गारंटी है (आईआईटी, एआईएमएस, आईआईएम आदि) ऐसे श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने हेतु तथा सरकारी नौकरी के लिए कॉलेज के स्थान पर कोचिंग संस्थान युवाओं के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। सरकारी नौकरी के लिए जो व्यवस्था बनाई हैउसमें चयन के लिए युवकों को निसंदेह अपने परंपरागत कॉलेज के स्थान पर कोचिंग संस्थानों का अध्ययन-अध्यापन ज्यादा प्रभावी दिखाई दे रहा है। कोचिंग संस्थानों में प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही पढ़ ने लिखने की व्यवस्था कर रखी है। कोचिंग में केवल और केवल क्लास रूम टीचिंग ही है। छात्रसंघ चुनाव, नारेबाजी, हड़ताल जैसी गतिविधियों के लिए कोचिंग संस्थानों में समय खराब नहीं करना पड़ता है। दूसरी और विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों की रचना का उद्देश्य ही भिन्न है। कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के संचालन पर सरकार जहाँ करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं दूसरी और क्लास रूम खाली पड़े हैं । न्यायालय द्वारा निर्धारित 75 प्रतिशत उपस्थिति का मजाक हो रहा है। शिक्षक, विद्यार्थी, माता-पिता, प्रशासनिक अधिकारी सभी इस अव्यवस्था के साक्षी होने के बावजूदशांत हैं, परन्तु आखिर कब तक.....


एक तरफ आलीशान भवन, फर्नीचर, प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित योग्यताधारी अध्यापक होने के बावजूद प्रात: 10 बजे जैसे अनुकूल समय पर भी विद्यार्थी क्लास-रूम से दूर भाग रहा है और कोचिंग सेंटर में 10 गुणा फीस देकर बेसमेंट में लगी बेंच पर बैठकर प्रात: 6 बजे सामान्य काउंसलर से बड़ी गंभीरता के साथ अध्ययनरत हैं। ऐसी स्थिति में कोचिंग सेंटर्स की आलोचना करने से काम नहीं चलेगा अपितु शोध की आवश्यकता यह है कि ऐसा क्यों हो रहा है और उसे ठीक करने के लिये हमारी वर्तमान व्यवस्था में किस प्रकार के परिवर्तन अपेक्षित है?

न केवल भारत अपितु एशिया के कई देशों में ट्यूशन का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। औपचारिक शिक्षा का सिस्टम कमजोर होने से कोचिंग को बढ़ावा मिला है। एक जानकारी के अनुसार भारत, पाकिस्तान से लेकर इंडोनेशिया तक करीब 25 करोड़ बच्चे ट्यूशन ले रहे हैं । हाँगकाँग में 72 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 79 प्रतिशत, जापान में 52 प्रतिशत छात्र ट्यूशन पढ़ ते हैं। चीन में 2021 में पाबंदी से पहले 38 प्रतिशत छात्र ट्यूशन पढ़ते थे। हमारे देश में कोटा शहर कोचिंग की राष्ट्रीय राजधानी बन चुका है। जहां प्रतिवर्ष पूरे देश से लगभग दो लाख विद्यार्थी कोचिंग संस्थानों में अध्ययन करने आते हैं। इस संक्षिप्त आलेख के माध्यम से मेरा सुझाव है कि सरकारी नौकरी में चयन हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के प्राप्तांकों के साथ स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्राप्त अंको का 20 से 30 प्रतिशत वजन रखा जाना चाहिये। नि:सन्देह गणना कठिन है क्योंकि राज्यों की परीक्षा व्यवस्था में भिन्नताएं बहुत हैं। दूसरा, विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों को आधार मान कर ही प्रतियोगी परीक्षाओं का पाठ्यक्रम बनाया जाना चाहिये। इससे कॉलेजों में स्वाभाविक रूप से उपस्थिति बढ़ेगी।

कॉलेजों की भांति कोचिंग संस्थान प्रारंभ करने के लिये भी सरकार की अनुमति आवश्यक की जानी चाहिये। सरकार को कॉलेजों की भांति ही कोचिंग संस्थान हेतु भवन, फर्नीचर, पुस्तकालय, शिक्षकों आदि के लिए नियम बनाते हुए लागू करना होगा, जिससे छात्रों को कॉलेजों की भांति कोचिंग सेन्टर पर भी आवश्यक सुविधाएँ मिलने लगेगी। नालंदा और तक्षशिला के समय से इतिहास गवाह है कि हमें विश्वविद्यालयों की समाज में उपयोगिता बनाये रखनी है। हालात इतने खराब नहीं है इसलिए इन्हें पुन: जीवन्त किया जा सकता है और यथाशीघ्र किया जाना चाहिये। इस विषय पर विद्वान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य चर्चा- परिचर्चा आवश्यक है।

**-प्रो. कैलाश सोडाणी,**
**कुलपति, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**

# नव विवाहिताओं के लिए खास पर्व है पहला करवा चौथ



श्वेता यादव

वैसे तो शादी के बाद का हर त्यौहार अलग ही महत्त्व रखता है, लेकिन पहले करवा चौथ की बात ही कुछ ख़ास होती है।

करवा चौथ हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, खासकर उन विवाहिताओं के लिए जो पहली बार इस व्रत को निभा रही हैं। यह दिन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि नवविवाहिताओं के लिए खास उत्साह और रस्मों का अनुभव भी लेकर आता है। इस दिन विवाहिताएं सूर्योदय के साथ व्रत शुरू करती हैं और चंद्रोदय तक निर्जला उपवास रखती हैं, जिससे वे अपने पतियों की लंबी उम्र की कामना करती हैं। पहले करवा चौथ का अनुभव न केवल नए परिवार के साथ मनाने का मौका देता है, बल्कि यह सास-ससुर का आशीर्वाद भी पाने का अवसर होता है। इस दिन पति अपनी पत्नी के प्रति और भी संवेदनशील हो जाते हैं, उनकी त्याग और प्रेम को देखते हुए।

वर्तमान में, कई विवाहिताएं मिलकर इस पर्व को मनाने लगी हैं, जहां वे एक-दूसरे के साथ सुहाग का थाल साझा करती हैं और नवविवाहिताओं को विधियों से अवगत कराती हैं। पहले करवा चौथ पर तैयार होना, मेहंदी लगाना और वैवाहिक पोशाक पहनना, यह सब नवविवाहिताओं के लिए एक खास अनुभव होता है।

**खास बातें जो पहली बार करवा चौथ रखने वालों को जाननी चाहिए:-**

1. **सरगी का महत्व:** सरगी सुबह का भोजन होता है, जो आमतौर पर सास द्वारा तैयार किया जाता है। इस अवसर पर नवविवाहिताएं अपनी सास को उपहार देकर सम्मान प्रकट करती हैं।

2. **पहला बया:** इस दिन सास की तरफ से भी बहू को उपहार मिलता है, जिसमें मिठाई, नमकीन, और सुहाग का सामान शामिल होता है। यह उपहार नवविवाहिताओं के लिए विशेष महत्व रखता है।

3. **विशेष पूजा:** परिवार की सभी महिलाएं मिलकर पूजा करती हैं, जहां नवविवाहिताओं को दुल्हन की तरह सजने का मौका मिलता है। इस अवसर पर आशीर्वाद लेना भी महत्वपूर्ण होता है।

4. **पति का उपहार:** पहली करवा चौथ पर पति से उपहार प्राप्त करना खास होता है, और यह प्रेम का प्रतीक बन जाता है।

**त्यौहार की तैयारी**

इस त्योहार का उत्साह कई दिन पहले से शुरू हो जाता है। व्रत की तैयारी में कुछ बातें ध्यान में रखनी चाहिए:

- **सूर्योदय से पहले उठें:** सुबह जल्दी उठकर अपने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लें और फिर सरगी का सेवन करें।

- **16 श्रृंगार:** करवा चौथ पूजा में 16 श्रृंगार करना शुभ माना जाता है, इसलिए मेहंदी लगाना न भूलें।

- **विशेष परिधान:** इस दिन शादी का जोड़ा पहनना चाहिए; अगर संभव न हो, तो लाल रंग की साड़ी या लहंगा पहनें। काले या नीले रंग से बचें।

- **मन की शांति:** इस दिन किसी प्रकार की बहस या झगड़े से दूर रहें। सकारात्मकता बनाए रखें। इस पर्व को मनाने का तरीका आपके दांपत्य जीवन को और भी मजबूत बना सकता है। पहली करवा चौथ एक खूबसूरत अवसर है, जिसमें प्यार और परंपरा का मिलन होता है।

**–श्वेता यादव, लेखिका**

# एनजीटी ने डीएमएफटी फंड के उपयोग की जानकारी मांगी

## राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को दिये आदेश

- **जाजू की दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की**

**भीलवाडा,** (निसं)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेंट्रल जोनल बेंच भोपाल ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड का नियमानुसार खनन प्रभावित क्षेत्रों में उचित उपयोग नहीं होने के मामले में भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता दीक्षा चतुर्वेदी के मार्फत दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। बेंच ने राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के सदस्य सचिव को आदेश देते हुए डीएमएफटी फण्ड की प्राप्ति, उपयोग, प्राप्त फण्ड एवं उपयोग की लेखापरीक्षा की निगरानी प्रणाली की सूचना इकट्ठी कर संकलित करते हुए दो सप्ताह में न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया है।

जाजू ने बताया कि सरकार की ओर से याचिका में प्रस्तुत किये गये जवाब में कहीं पर भी डीएमएफटी फण्ड की प्राप्ति एवं उपयोग को स्पष्ट प्रदर्शित नहीं किये जाने के कारण एनजीटी द्वारा यह आदेश दिये गये हैं। मामले में आगामी सुनवाई 21 नवम्बर को होगी। उल्लेखनीय है कि न्यायाधिपति शिवकुमार सिंह एवं विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की बेंच ने मामले में मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, प्रमुख सचिव मिनरल रिसोर्स डिपार्टमेंट जयपुर, सदस्य सचिव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर, निदेशक खान एवं भू विज्ञान विभाग उदयपुर, सचिव स्थानीय स्वशासन विभाग, जयपुर, जिला कलेक्टर भीलवाड़ा, सदस्य सचिव राजस्थान डिस्ट्रीक्ट मिनरल फाउण्डेशन फण्ड भीलवाड़ा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। वर्ष 2015 से डीएमएफ योजना के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर 19,000 करोड़ रुपये की बड़ी राशि एकत्र की गई है एवं इसमें से केवल 55 प्रतिशत का ही उपयोग किया गया है, जिससे डीएमएफ फंड की पारदर्शिता और प्रभावी उपयोग के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं। जाजू ने बताया कि राजस्थान में 6 हजार करोड़ रुपया एवं भीलवाड़ा में लगभग 1800 करोड़ रुपया डीएमएफटी फंड में जमा है एवं भीलवाड़ा में प्रतिवर्ष लगभग 300 करोड़ रुपया खनन रॉयल्टी से फंड में आता है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 347 प्रभात उदयपुर, शनिवार 19 अक्टूबर, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.



*आखिरकार आदमखोर पैंथर मारा गया, जिसके आतंक और डर से उदयपुर के ग्रामीण इलाके के लोगों की रातों की नींद हराम थी। वन विभाग और पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को सुबह मदार बड़ा तालाब पर पैंथर को गोली मार दी। मारा गया पैंथर नर है। पैंथर को उसी जगह मारा गया, जहाँ उसने एक महिला का शिकार किया था। अभी यह पुष्टि होना बाकी है कि क्या यह वही आदमखोर पैंथर है, पर, जिस तरह से इसने घेराबंदी किए हुए एक जवान पर हमला किया उससे संभावना है कि यह वही आदमखोर पैंथर हो सकता है।*

# तमिलनाडू में राज्यपाल और मुख्यमंत्री भाषा विवाद पर आमने-सामने

## तमिलनाडू के मु.मंत्री स्टालिन ने राज्यपाल को द्रविड़ विरोधी करार दिया और उन्हें हटाने की मांग की

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **राज्यपाल के एक कार्यक्रम में बजाए गए स्टेट एंथम में द्रविड़ शब्द नहीं होने से मु.मंत्री स्टालिन भड़क गए, उन्होंने कहा कि राज्यपाल जानबूझकर तमिल भाषा और द्रविड़ संस्कृति का अपमान कर रहे हैं।**
- **मु.मंत्री ने राज्य में हिंदी माह और हिंदी भाषा के कार्यक्रम आयोजित करने पर भी नाराज़गी जताई।**
- **राज्यपाल आर.एन. रवि ने हिंदी विरोध के सवाल पर जवाबी सवाल दागा कि, आपने राष्ट्रीय स्तर पर तमिल भाषा को प्रोत्साहन देने के लिए क्या किया है।**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। एक बार फिर तमिलनाडू में हिन्दी का मुद्दा गर्माने लगा है और भाषा के मुद्दे को लेकर दो संवैधानिक नेताओं, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के बीच युद्ध छिड़ गया है। इस बार राज्यपाल की तरफ से विवाद भड़का, जब उन्होंने हिन्दी का विरोध कर रहे लोगों के इरादों के बारे में प्रश्न उठाया।

लेकिन तमिल गौरव को लेकर एक और मामले ने दोनों नेताओं के बीच चल रहे वाक्युद्ध में आग में घी का काम किया। हुआ यूं, कि हाल ही में राज्यपाल जिस समारोह में शामिल हुए उसमें राज्यगान में "द्रविड़" शब्द का इस्तेमाल नहीं किया गया।

वास्तव में, समारोह में बजाए गए राज्य गान में कथित रुप से "द्रविड़" शब्द गायब था। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने इस बात पर सख्त प्रतिक्रिया दी तथ मांग की कि तमिलनाडू तथा तमिल भाषा का अपमान करने के लिए राज्यपाल आर.एन. रवि को पद से हटाया जाए।

शुक्रवार को स्टालिन ने राज्यपाल पर हमला बोलते हुए कहा, "राज्यपाल? क्या आप आर्यन हैं? द्रविड़ शब्द हटाना और अभिवादन में "तमिल थाई बोलना तमिलनाडू के कानून के विरुद्ध है। एक व्यक्ति जो कानून के अनुसार नहीं चलता तथा अपनी मर्जी के अनुसार काम करता है, वो इस पद पर आसीन होने के योग्य नहीं है। भारत का गुणगान करने के बहाने, राज्यपाल इस देश तथा इस भूमि पर रह रहे विभिन्न जातियों के लोगों का अपमान कर रहे हैं।"

घटना को राज्य तथा तमिल भाषा का अपमान बनाते हुए, स्टालिन ने मांग की कि केन्द्र सरकार तुरंत ही राज्य से राज्यपाल को हटाए। मुख्यमंत्री ने कहा, एक व्यक्ति, जिसे द्रविड़ों से एलर्जी है, वो राज्य में राज्यपाल के पद पर नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा, "द्रविड़ एलर्जी से ग्रस्त राज्यपाल क्या राष्ट्रगान से द्रविड़ शब्द हटाने को कहेंगे? केन्द्र सरकार को तुरंत राज्यपाल को वापस बुलाना चाहिए, जो कि जानबूझकर तमिलनाडू तथा राज्य की जनता की भावनाओं का अपमान कर रहे हैं।"

स्टालिन ने राज्यपाल को पद से हटा देने की माँग की, क्योंकि उन्होंने कथित रूप से, देश के राष्ट्रगान से "द्रविड़" शब्द हटाकर, क्षेत्र का कानून तोड़ा है। इस "अपमान" से पहले ही खीजे हुये मुख्यमंत्री ने तमतमाते हुये कहा कि राज्यपाल ने भाषा-विवाद शुरु कर दिया, जब उन्होंने हिन्दी का विरोध करने वालों को को तलाड़ा और पूछा,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 साल की सजा

जयपुर, 18 अक्टूबर। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त लीलाराम को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पीठासीन अधिकारी के.सी. अटवासिया ने अपने आदेश में कहा कि पीड़िता के मन में इस अपराध का प्रभाव जीवन भर रहेगा, ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक, विजया पारीक ने

- **सन् 2019 का यह मामला कोटपूतली के पास सरुंड थाने में दर्ज हुआ था।**

अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीड़िता ने 30 जुलाई, 2019 को सरुंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा था कि वह लीलाराम की प्राइवेट बस से कॉलेज जाती है। इस कारण उसकी लीलाराम से बातचीत भी होती थी। पांच जुलाई, 2018 को कॉलेज खत्म होने पर वह बस में चढ़ी तो लीलाराम ने गेट बंद कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म करके उसका वीडियो बना लिया। इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर अभियुक्त ने उसके साथ कई बार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आखिर आदमखोर पैंथर शुक्रवार को मारा गया

## पोस्ट मार्टम कर सैम्पल एकत्रित किये जायेंगे, डी.एन.ए. से आदमखोर की पुष्टि होगी

- **गुरुवार रात पैंथर उसी क्षेत्र में नज़र आया जहाँ दो दिन पहले महिला का शिकार किया था। घेरा बनाकर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। शुक्रवार सुबह 7:30 बजे पैंथर ने एक पुलिस के जवान पर छलांग लगाई। जवान ने फायर किया और गोली पैंथर की गर्दन पर लगी। फिर चार गोलियाँ और मारी गयीं।**

उदयपुर, 18 अक्टुबर। (कासं)। करीब 25 दिनों से उदयपुर जिले के गोगुन्दा क्षेत्र के गांवों में इंसानी खून का प्यासा आदमखोर पैंथर आखिर शुक्रवार सुबह ढेर हो गया। मदार बड़ा तालाब के समीप गांव में वन विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उसे शूट किया गया।

गुरूवार देर रात पैंथर का मूवमैंट उसी क्षेत्र में नज़र आया, जहां उसने दो दिन पहले बुज़ुर्ग महिला को अपना शिकार बनाया था। इसके बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान, शुक्रवार सुबह 7.30 बजे पुलिसकर्मी उसकी तलाश में घेरा बनाकर आगे बढ रहे थे, तभी पैंथर ने एक पुलिसकर्मी पर छलांग लगाने की कोशिश की, जवान ने उस पर तुरंत गोली चलाई। पहली गोली पैंथर की गर्दन में लगी। इसके बाद उसे 4 गोलियां मारी गईं। मौत के बाद पैंथर को नाव द्वारा तालाब के दूसरे छोर पर ले जाया गया।

जो पैंथर मारा गया, वो नर है, अब तक लोगों का शिकार करने वाले पैंथर की पहचान नर पैंथर के रूप में ही हो रही थी। वन विभाग का कहना है कि मारा गया पैंथर ही आदमखोर पैंथर है, इस बात की पुष्टि डी.एन.ए. सहित अन्य जांच रिपोर्टों में होगी। पैंथर का पोस्टमार्टम करके सैंपल लिए जाएंगे।

एडिशनल एस.पी. गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के नेतृत्व में गोगुंदा थानाधिकारी शैतान सिंह नाथावत और शूटर अजयद्ध गिरीराज और देवीसिंह की टीम ने पैंथर का अंत किया। वन विभाग के डी.एफ.ओ. अजय चित्तौड़ा ने बताया कि अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता कि यह वो ही आदमखोर है, जिसने इतने दिनों से आतंक फैलाया हुआ था, जांच के बाद ही इसकी पुष्टि हो सकती है।

उदयपुर रेंज आई.जी. राजेश मीणा ने बताया कि जंगल में सर्च के दौरान पुलिस टीम पर पैंथर ने हमला किया था। इस दौरान उसे 4 गोली मारकर ढेर किया गया। इसी इलाके में दो दिन पहले 2 महिलाओं पर पैंथर का हमला हुआ था, जिनमें एक महिला की मौत हो गई थी। आदमखोर पैंथर अब तक नौ जानें ले चुका है।

आई.जी. राजेश मीणा ने बताया कि हमारे पास रिपोर्ट थी कि यहां पेंथर घूम रहा है। बुधवार को भी इसी इलाके में पैंथर ने महिला को मार डाला था। हमारा प्रयास इसे घेराबंदी करके पकड़ने का था। यहाँ पुलिस और फॉरेस्ट की टीम लगाई गई थीं। गुरुवार शाम को भी पैंथर नज़र आया था, उस पर फायर भी किया गया था, लेकिन वह झाड़ियों में गायब हो गया। इसके बाद आज सुबह हुए ऑपरेशन में वह मारा गया।

उल्लेखनीय है कि मदार गांव में बीते करीब 5 दिनों में पैंथर के तीन हमले हुए हैं। बुधवार को खेत में काम कर रही दो महिलाओं पर पैंथर ने हमला किया था। इनमें से एक महिला की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मदार, बांदरवाड़ा, राठौड़ों का गुड़ा, कायलों का गुड़ा, गोडान कला गांव के लोगों ने गुरुवार रात को मीटिंग की थी। इसमें तय किया था कि पैंथर पकड़ में नहीं आ रहा है, तो अब गांव वाले हथियारों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### प्रधानमंत्री 27 को जयपुर आयेंगे

जयपुर, 18 अक्टूबर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राज्य में विकास के लिए किये जा रहे प्रयासों को अमली जामा पहनाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी महीने की 27 तारीख़ को जयपुर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की इस सभा के बारे में पता करने पर जानकारी मिली कि इस कार्यक्रम का आयोजन जल संसाधन विभाग कर रहा है और इसके लिए कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने

- **वाटिका के पास दादिया में आयोजित सभा में ई.आर.सी.पी. का विधिवत् उद्घाटन कर सकते हैं।**

दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रण दिया था। प्रधानमंत्री मोदी का दिवाली से पहले यह दौरा काफ़ी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। "राइज़िंग राजस्थान" प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार अथक परिश्रम कर रही है। अब तक राज्य में क़रीब साढ़े 15 लाख करोड़ रुपये के एम.ओ.यू. साइन किये जा चुके हैं। भजनलाल शर्मा की सरकार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस ने महाराष्ट्र में दस हजार करोड़ रूपए के घोटाले का आरोप लगाया

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र में भाजपा के महायुति गठबंधन के खिलाफ आक्रामक चुनाव रणनीति बनाई

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दिल्ली में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा, जिन कम्पनियों ने भाजपा को इलैक्टोरल बॉण्ड दिए थे उन्हें गैर कानूनी तरीके से फायदा पहुँचने के लिए बड़े-बड़े सड़क प्रोजैक्ट दिए गए।**
- **खेड़ा ने कहा, महाराष्ट्र में जब कांग्रेस सत्ता में आएगी तो घोटाले में शामिल किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा, चाहे वह मुम्बई के मंत्रालय में बैठा हो या दिल्ली में।**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से ठीक पहले, एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाली 'महायुति' सरकार पर अपने हमले को और तेज करते हुए, कांग्रेस ने आज सत्तारूढ़ गठबन्धन पर आरोप लगाया कि इसने "प्रचार के लिये वित्तीय चन्दे के बदले में, कुछ विशेष कम्पनियों को इन्फ्रा टेन्डरों में विशेष सुविधा एवं रियायत दी है, जिसके चलते करदाता पर कम से कम 10,903 करोड़ रु. वित्तीय भार पड़ेगा।

कांग्रेस महासचिव तथा कम्यूनिकेशन इन्चार्ज जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, "महाराष्ट्र में महायुति सरकार ने प्रचार के लिए वित्तीय चन्दे के बदले में, कुछ विशेष कम्पनियों को इन्फ्रा टेन्डरों में विशेष सुविधा/राहत प्रदान की है, जिसका मूल्य करदाता के कम से कम 10,903 करोड़ रु. के बराबर है। प्री-पेड चन्दा, पोस्ट-पेड धन्धा।"

पवन खेड़ा ने दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, "पूरा देश जानता है कि भाजपा 'इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम' इसलिए लेकर आई थी कि गुप्त रास्ते से पैसा आ सके। हमने कई बार इस तथ्य को उजागर किया है कि किस तरह से उन विशेष फर्मों को इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदने के बदले में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट दिये गये, जिन फर्मों ने अवैध और असंवैधानिक चुनावी बॉन्ड योजना के जरिये भाजपा को चन्दा दिया।"

उन्होंने कहा, "जिस राज्य में यह धोखाधड़ी और छल-कपट किया गया, वह महाराष्ट्र था। यह सब अनेकानेक सुस्थापित मानक नियमों को उलट कर किया गया। इससे बहुत बड़ा और व्यापक भ्रष्टाचार उजागर होता है।"

शिन्दे के नेतृत्व वाली सरकार पर प्रहार करते हुये, खेड़ा ने कहा, "महाराष्ट्र की महायुक्ति सरकार ने ही 10,000 करोड़ रु. के मूल्य की लूट का अपराध किया है। ये 10,000 करोड़ रु. महाराष्ट्र की जनता के हैं, जो टैक्स के रूप में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### प्रधानमंत्री मोदी रूस जायेंगे

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22-23अक्टूबर 2024 को रूस की यात्रा करेंगे। मोदी रूस की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।"न्यायसंगत वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना" विषय पर आयोजित यह शिखर सम्मेलन

- **उनकी रूस यात्रा 22-23 अक्टूबर को होगी। वे ब्रिक्स के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।**

ब्रिक्स देशों के नेताओं को प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

यह शिखर सम्मेलन ब्रिक्स की ओर से शुरू की गई पहलों की प्रगति का आकलन करने और भविष्य में सहयोग के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने का भी अवसर प्रदान करेगा। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी रूस में ब्रिक्स

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सिनवार की हत्या कर पाश्चात्य देशों का लाडला बना इज़रायल

## गाज़ा पर हमले के लिए जो देश इज़रायल की आलोचना कर रहे थे, उन देशों ने भी इज़रायल की तारीफ की

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **सभी देशों ने इस सफलता के लिए इज़रायल की तारीफ की। पर, इनमें से कई देशों, जिनमें अमेरिका प्रमुख है, ने यह भी कहा कि अब इज़रायल को युद्ध बंद कर देना चाहिए।**
- **विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान के हमले पर इज़रायल द्वारा सीधी प्रतिक्रिया नहीं देने का अर्थ अब समझ में आ रहा है, क्योंकि इज़रायल का लक्ष्य अपने आस-पास बैठे कुख्यात आतंकियों को ठिकाने लगाने का था, जिसमें उसे सफलता मिल गई है।**
- **सिनवार की हत्या से इज़रायल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू की विश्वसनीयता व ताकत बढ़ी है। वे अब यह दावा करने में सक्षम हो गए हैं कि अगर किसी ने भी इज़रायल या उसके नागरिकों पर हमला किया तो उनका नेतृत्व उसे सज़ा दे सकता है।**
- **पश्चिमी देशों को इंतज़ार है, ईरान की प्रतिक्रिया का पर क्षेत्र में इज़रायल के शक्ति प्रदर्शन के बाद ईरान शायद एक और हमले की हिमाकत न करे।**

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। सफलता का कोई मुकाबला नहीं होता। हमास और हिज्बुल्लाह के कुछ बेहद खतरनाक आतंकवादियों को मार गिराने में इज़रायल की सफलता के लिए पश्चिमी देशों ने जोरदार तारीफ की है।

हमास प्रमुख याहया सिनवार को इज़रायली सेना एक साल से ट्रैक कर रही थी, अंततः उसे मार डाला।

हमास व हिज्बुल्लाह के अन्य नेताओं की मौत के विपरीत सिनवार की मौत ने समूचे पश्चिम को एकजुट कर दिया। पश्चिम के सभी नेताओं ने इस खबर का स्वागत किया और इज़रायल से युद्ध बंद करने का आग्रह किया।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रॉं ने याहया की मौत का स्वागत किया और कहा कि इज़रायल ने बहुत बड़ी सफलता प्राप्त की है, हमास के खिलाफ अपनी जंग में। अमेरिकन राष्ट्रपति ने भी इज़रायली सफलता की तारीफ की।

जर्मन चांसलर ऑल्फ शोल्ज़ ने इज़रायल का पक्ष लेते हुए कहा कि उसे आत्मरक्षा का पूर्ण अधिकार है। इटली के प्रधानमंत्री ने भी इस घटना का स्वागत किया, पर, युद्ध बंद करने का आग्रह भी किया।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी कमला हैरिस ने भी कहा कि इस घटना के बाद शांति की नई शुरुआत करने का अवसर मिला है।

इस खबर पर कहीं से भी किसी के भी दुख या खेद जताने की खबर नहीं आई है। कुछ वैस्टर्न न्यूज़ एजेंसियों ने अवश्य गाज़ा के लोगों को पानी, भोजन व मैडिकल हैल्प देने की ओर ध्यान खींचा है। सिनवार के लिए किसी को भी दुख नही है जो गत अक्टूबर से हजारों लोगों की पीड़ा का कारण बना हुआ है।

समझा जाता है कि 7 अक्टूबर को इज़रायली नागरिकों पर जो हमला हुआ था उसकी साजिश सिनवार ने ही रची थी। इस हमले में 1250 लोग मारे गये थे। यही नहीं हमास आतंकियों बड़ी तादाद में विदेशियों इज़ायली नागरिकों को बंदी बना लिया था और उनका भारी उत्पीड़न किया। ये सभी एक म्युज़िक फैस्टिवल में शामिल होने आए थे।

हालांकि आतंकियों द्वारा कई बंदियों को मार डाला गया है, पर, इज़रायल को लगता है कि उसके कई नागरिक अभी भी हमास के बंदी हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने युद्ध के अंत के लिए इज़रायली बंदियों की रिहाई की पूर्व शर्त रखी है। अमेरिका सहित कई देशों के आग्रह के बाद भी इज़रायल युद्ध जारी रखे हुए हैं।

इज़रायल के प्रधानमंत्री ने कहा है जब तक इज़रायली बंधक रिहा नहीं हो जाते युद्ध जारी रहेगा, युद्ध जारी रखने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### आर.जे.एस. भर्ती परीक्षाः अंग्रेजी में 15 से कम अंक वाली कॉपी पेश होगी

जयपुर, 18 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने आर.जे.एस. भर्ती-2024 की मुख्य परीक्षा से जुड़े मामले में राजस्थान

- **अभ्यर्थियों का आरोप है कि अंग्रेजी माध्यम होने के बावजूद मनमाने ढंग से उन्हें ज़ीरो, एक, दो, तीन अंक दिये गये। सुप्रीम कोर्ट ने 15 अंक से कम वाली उत्तर पुस्तिकाओं को कोर्ट में पेश करने के आदेश दिये हैं।**

हाईकोर्ट प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि वह 21 अक्टूबर को उन अभ्यर्थियों की अंग्रेजी विषय की उत्तर पुस्तिकाएं पेश करे, जिनके 15 से कम अंक आए हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डूंगरपुर से गुजरात ले जाई जा रही शराब जप्त, दो जने गिरफ्तार

## डूंगरपुर से गुजरात की तरफ जा रही एक कार से दो लाख की अंग्रेजी शराब जप्त की

**डूंगरपुर, (निसं)।** अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, भण्डारण एवं उत्पादन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धम्बोला पुलिस ने डूंगरपुर से गुजरात तरफ जा रही एक कार से विभिन्न ब्राण्ड की 38 कार्टन अंग्रेजी शराब को जप्त कर घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया तथा आरोपी कार चालक एवं उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

विधानसभा उप चुनाव के मध्यनजर अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, भण्डारण एवं उत्पादन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान जरिये मुखबीर सूचना मिली कि एक सफेद रंग की कार जिसमें अंग्रेजी शराब भरी है, डूंगरपुर से गुजरात तरफ जा रही है। सूचना विश्वसनीय होने पर धम्बोला पुलिस टीम का गठन कर कार्रवाई करते हुए धम्बोला पावर हाउस तिराहे पर नाकाबंदी की। मुखबीर की सूचना के अनुसार एक कार आती हुई दिखी जिसे जाप्ते द्वारा रूकवाया गया। कार के अंदर बैठे चालक एवं उसके साथी द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर टीम द्वारा कार की तलाशी ली गयी तो कार के अंदर विभिन्न ब्राण्ड की कुल 38 कार्टन अंग्रेजी शराब भरी होना पाया। कार एवं शराब को जब्त कर आरोपी महेन्द्र पिता धुलाजी खराडी मीणा निवासी चणावदा थाना परसाद जिला उदयपुर तथा नरेन्द्र पिता विरमाजी खराड़ी निवासी चणावदा थाना परसाद जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर लिया तथा पुलिस ने आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज कर लिया है।




गुजरात तस्करी कर ले जाई जा रही अवैध शराब सहित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- कार के अंदर बैठे चालक एवं उसके साथी द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर कार्रवाई की

## अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई, आठ वाहन जप्त

**अलवर, (निसं)।** खनन एवं भू विज्ञान विभाग द्वारा अवैध खनन एवं अवैध रूप से किए जाने वाले खनिजों के परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए गए दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत अलवर जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन किए जाने पर कार्रवाई करते हुए आठ वाहनों को जप्त कर पांच लाख रूपये जुर्माना वसूल किया गया।

खनि अभियंता (एमई) मनोज शर्मा ने बताया कि अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु जिले में 16 व 17 अक्टूबर को दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया जिसके तहत सहायक खनन अभियंता (एएमई) पुष्पेंद्र सिंह और उनकी टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए एक खुदाई मशीन (जेसीबी), चार ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक ट्रेलर और दो डम्पर ज़ब्त कर वाहनों को विजय मंदिर, सदर, वैशाली और मालाखेड़ा पुलिस थानों को सुपुर्द किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आठ वाहनों को जप्त कर 5 लाख 9 हजार 852 रूपये जुर्माना वसूला किया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

## सियार ने एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों पर हमला किया

**पावटा, (निसं)।** ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर, छानी की ढाणी व तुलसीपुरा में दो दिन से एक सियार का आतंक बढ़ गया है। यहां के दो गांवों में यहां सियार ने एक-एक कर 14 लोगों पर हमला कर घायल कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग अलर्ट मोड पर है। घायलों का उपजिला अस्पताल पावटा में इलाज कराया गया है। जंगली जानवर के हमले के गांव भर के लोग दहशत में हैं।

सियार के हमले की घटना में गुरुवार को वीर तेजाजी नगर इलाके के आठ लोग गिरधारी, बद्री किरण देवी, सुमन, सांवलराम, सुरजी देवी, छोटी देवी, कृष्णा आदि को घर के बाहर ही काम करते हुए घायल करने के बाद शुक्रवार सुबह तुलसीपुरा गांव में पहुंचे सियार ने बाबा कुंदनदास मंदिर महंत नागरमल, मंगत राम गिठाला, संजय गिठाला, रीना बाज्या, गिरधारी आकरिया को घायल कर दिया। इस हमले मे 5-7 मवेशी भी शामिल हैं। सियार के हमले की घटनाओं से इलाके में हड़कंप मच गया। सियार के हमलों की घटनाओं के बाद पुलिस-प्रशासन और वन विभाग में खलबली मच गई। सूचना के बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची और निगरानी शुरू कर दी।

- घायलों का उपजिला अस्पताल पावटा में इलाज कराया गया

## पी.बी.एम. हॉस्पिटल में डेंगू के एक ही दिन में 46 पॉजीटिव केस आए

**बीकानेर, (निसं)।** पीबीएम हॉस्पिटल में डेंगू रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। आई रिपोर्ट में एक ही दिन में 46 पॉजिटिव केस आए हैं। इन्हें मिलाकर इस साल आठ महीने में ही डेंगू रोगियों का आंकड़ा 648 पहुंच गया है, जो पिछले पूरे साल के आंकड़ों से दोगुना है। डेंगू कंट्रोल करने के मामले में चिकित्सा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। गांव की अस्पताल में डॉक्टर बैठ नहीं रहे। मीटिंगों में पहुंच नहीं रहे। ऐसे 25 चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं तथा छह से जवाब तलब किया गया है।

संभाग के सबसे बड़े पीबीएम हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग के वार्डों में बेड की संख्या 330 तक जा पहुंची है। इसमें एमसीएच में लगाए अतिरिक्त बेड भी हैं। 330 में से करीब 250 मरीज वायरल बुखार और डेंगू के भर्ती हैं। राहत की बात ये है कि मरीज ठीक होकर जा रहे हैं। एमसीएच में 15 बेड और बढ़ाए गए हैं, लेकिन वहां भर्ती मरीजों की जांचों को लेकर दौड़ भाग करनी पड़ रही है।

- इस साल आठ महीने में ही डेंगू रोगियों का आंकड़ा 648 पहुंचा

अर्जुनसर में एक लैब के विरुद्ध गलत जांच रिपोर्ट देने की शिकायत है। जिला आईडीएसपी प्रभारी डॉ. उमाशंकर यादव ने कोलायत ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आर डी 820 का निरीक्षण किया तो वहां मात्र एक फार्मासिस्ट और एक जीएनएम ही मिले। अस्पताल प्रभारी डॉ. कपिल सारस्वत 4 अक्टूबर से, नर्सिंग अधिकारी सलाम अहमद 8 अक्टूबर से, लैब टेक्नीशियन मोहम्मद बिलाल 10 अक्टूबर से बिना सूचना अनुपस्थित थे। इसी प्रकार लैब सहायक आसकरण व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भाखर सिंह उस दिन नदारद थे। जीएनएम कुमारी प्रियंका की दो दिवसीय डे ऑफ बिना सक्षम स्वीकृति के लगाई हुई पाई गई। क्षेत्र में डेंगू और मलेरिया के केस भी आए हुए थे परंतु सेक्टर प्रभारी सहित पूरे संस्थान की मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर निष्क्रियता मिली। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने इस घोर लापरवाही को लेकर सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। दो दिन में संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके विरुद्ध राजस्थान सेवा नियम के नियम 16 के अंतर्गत कार्यवाही होगी। सुपरविजन की विफलता के चलते ब्लॉक सीएमओ डॉ. सुनील जैन से भी जवाब तलब किया गया है।

## डामर प्लांट के प्रदूषण से ग्रामीणों में फैल रहा अस्थमा

**सावरदा, (निसं)।** मौजमाबाद उपखण्ड क्षेत्र की गिदानी ग्राम पंचायत के पालुखुर्द गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे लंबे समय से संचालित एक डामर प्लांट में रात्रि के समय डामर को गर्म कर टेंकरों में शिफ्ट करने के कार्य के दौरान फैलने वाले भयंकर धुंआ से उत्पन्न प्रदूषण को रोकने को लेकर ग्रामीणों ने पर्यावरण विभाग राजस्थान सरकार के मंत्री के नाम एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन भेजकर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर सड़क किनारे डामर की अवैध फेक्ट्री लगाकर गांव में प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाया है।

समाजसेवी दशरथसिंह खंगारोत निवासी पालूखुर्द का कहना है कि गत 2 साल से हमारे गांव की मुख्य सड़क पर एक डामर की अवैध फेक्ट्री लगाकर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा यहाँ पर अवैध रूप स बायलर से डामर को गर्म करने का कार्य कर रहे हैं। ये लोग अपनी फेक्ट्री में डामर को जलाकर व अन्य कोई ज्वलनशील प्रदार्थ जलाकर गांव में प्रदूषण फैला रहे हैं, जिसकी वजह से गांव में फैल रहे प्रदूषण से सम्पूर्ण गांव में कई मकानों के अंदर तक जगह काल सा पदार्थ जमा हो रहा है तथा इसके चलते गांव में कई लोगों को विशेषकर छोटे बच्चों व वृद्धजनों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। समस्या को लेकर संबंधित लोगों को बार-बार कहने के बाद भी ये अपनी मनमर्जी कर रहे हैं, जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों में कई प्रकार की असाध्य बीमारिया फैलने का भय व्याप्त है।

## हादसे में बालक की मौत, दो घायल

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा-अजमेर सड़क मार्ग पर गुरूवार की रात बाइक व ट्रेलर में भिड़ंत हो गई। हादसे मे एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई तो दो अन्य गंभीर घायल हो गये जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जानकारी के अनुसार सदरपुरा निवासी लक्ष्मण पुत्र राधेश्याम कुमावत, मोहिनी पत्नी लक्ष्मण कुमावत व बालक आर्यन कुमावत बाघपुरा से सदरपुरा आ रहे थे। हाथगी मोड के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को कुचल दिया। हादसे में आठ साल के बालक आर्यन पुत्र लक्ष्मण की मौके पर ही मौत हो गई व लक्ष्मण एवं मोहिनी गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पहुंची 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को मालपुरा जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# पालीसोडा सरपंच, उपसरपंच, पं. स. सदस्य, वार्डपंचों सहित ग्रामीणों ने बीएपी का दामन थामा

**डूंगरपुर, (निसं)।** भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के सांसद राजकुमार रोत और जिलाध्यक्ष अनुतोष रोत के नेतृत्व में बिछीवाड़ा ब्लॉक के कई गांवों ने पार्टी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। शुक्रवार को बिछीवाड़ा, मोदर, कवालियादरा, तलैया गेड और पालीसोडा गांवों का दौरा करते हुए सांसद राजकुमार रोत का फूल मालाओं, ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान पालीसोडा ग्राम पंचायत की सरपंच लक्ष्मीदेवी डोडियार, उपसरपंच, पंचायत समिति सदस्य बंशीलाल खराडी और सभी वार्ड पंचों सहित ग्रामीणों ने भारत आदिवासी पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा।

पालीसोडा ग्राम पंचायत के सरपंच लक्ष्मीदेवी डोडीयार ने कहा कि बीएपी एक उभरती हुई पार्टी है, जो आदिवासियों के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के समय से ही वे और उनके सहयोगी पार्टी की विचारधारा से प्रभावित हुए थे और अब उन्होंने औपचारिक रूप से पार्टी के साथ जुड़ने का निर्णय लिया है। सरपंच लक्ष्मीदेवी ने कहा कि वे आने वाले समय में पार्टी को मजबूत करने और अपने क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। सांसद राजकुमार रोत ने ग्राम पंचायत पालीसोडा की पूरी टीम का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान में आदिवासी समाज जल, जंगल,जमीन के मुद्दों पर बड़े उद्योगपतियों और सरकार की उपेक्षा का शिकार हो रहा है। आदिवासियों की जमीनें जबरन छीनी जा रही हैं, जिससे वे अपने पैतृक अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कुम्भलगढ़ वन्य अभ्यारण्य के निर्माण के दौरान 1 लाख 80 हजार से अधिक आदिवासियों के विस्थापित होने की संभावना को लेकर चिंता जताई।



ग्राम पंचायत पालीसोडा के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने भारत आदिवासी पार्टी का दामन थामा।

- भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के सांसद राजकुमार रोत और जिलाध्यक्ष अनुतोष रोत के नेतृत्व में बिछीवाड़ा ब्लॉक के कई गांवों के लोगों ने पार्टी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया
- आदिवासी समाज जल, जंगल,जमीन के मुद्दों पर बड़े उद्योगपतियों और सरकार की उपेक्षा का शिकार हो रहा है : सांसद राजकुमार रोत

रोत ने कहा कि अब तक देश में करीब 5 लाख आदिवासी विस्थापित हो चुके हैं और आदिवासी समाज की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। सांसद रोत ने बताया कि पेसा एक्ट और छठी अनुसूची जैसे कानूनों को जमीनी स्तर पर लागू करने की आवश्यकता है, ताकि आदिवासी समाज के हक और अधिकारों की रक्षा की जा सके। इसके अलावा, उन्होंने आदिवासी धर्म कोलम की मांग को भी संसद में उठाने का जिक्र किया और भारत आदिवासी पार्टी को एक राष्ट्रीय स्तर की ताकत बनाने की जरूरत पर जोर दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अनुतोष रोत ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए पंचायतीराज चुनाव में अधिक से अधिक पार्टी प्रत्याशियों को जीताकर प्रमुख पदों पर बिठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके ही पार्टी को एक सशक्त संगठन बनाया जा सकता है और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है। कार्यक्रम में कांतिभाई आदिवासी सहित कई प्रमुख नेताओं ने आदिवासी समुदाय के हक और अधिकारों पर चर्चा की। कांति भाई ने सरकारी बस सेवा शुरू करने की मांग की और आदिवासियों के हितों को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष जयंतीलाल वरहात, बीसीसी प्रभारी हंसमुख डामोर, नमोनारायण वरहात, हीरालाल अहारी, अर्जुन भगोरा, कमलेश घाटिया, हीतेश रोत, करणवीर ताबियाड़ सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजय भगोरा ने किया।

## युवक ने आत्मदाह का प्रयास किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को एक युवक अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास करने लगा, जिसे देख वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने बचाकर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि शुक्रवार दोपहर एक युवक बाइक लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचा। अचानक इस युवक ने पेट्रोल से भरी बोतल निकाली और यह कहते हुये चीखने लगा कि मैं, मरुंगा, मैं, मरुंगा। यह देखकर कलेक्ट्रेट में ड्यूटी दे रहे पुलिसकर्मी सत्तार खां, रघुवीर सिंह और इकबाल खान दौड़कर युवक के पास पहुंचे और उसके हाथ से पेट्रोल से भरी बोतल और माचिस छीन ली। साथ ही इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में भीड़ जुट गई। पुलिस युवक को कोतवाली ले गई और पूछताछ की। युवक ने बताया कि वह पटेल नगर बंजारा बस्ती निवासी राजू (39) पुत्र नैनाराम बंजारा है। इसका ससुराल निंबाहेड़ा क्षेत्र के एक गांव में है। राजू का कहना है कि सात-आठ माह से उसकी पत्नी व बच्चे ससुराल में हैं।



पुलिस युवक को कोतवाली ले गई और पूछताछ की।

- युवक ने बताया कि ससुराल वाले पत्नी और बच्चों को नहीं भेज रहे हैं

ससुराल वाले पत्नी और बच्चों को नहीं भेज रहे हैं। वह, समाज के पंचों को लेकर तीन-चार बार ससुराल जा चुका है, लेकिन फिर भी ससुराल वाले नहीं माने। तीन-चार दिन पहले वह दुबारा पत्नी और बच्चों को लेने गया था, लेकिन ससुराल वालों ने उन्हें भेजने से मना कर दिया। पत्नी और बच्चे को लाने के नाम पर उसके रिश्तेदार ने उससे उसकी जिंदगी भर की कमाई करीब आठ लाख रुपए भी ले लिए, लेकिन ना पत्नी और बच्चे आए और ना ही पैसे। ऐसे में मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान होकर आज उसने आत्मदाह करने का सोचा और पेट्रोल लेकर कलेक्ट्री पहुंच गया। पुलिस का कहना है कि राजू के ससुराल वालों को बुलवाया गया है। उनके आने के बाद राजू की समस्या का समाधान हो पाएगा।


**कार्यालय नगर निगम जोधपुर उत्तर/दक्षिण**

Sr. No. : 11558 Date : 17/10/2024

**Notice Inviting Bid**

Online Proposals are invited on behalf of Municipal Corporation Jodhpur South/North from eligible bidders fulfilling eligibility criteria as described in the Bid Documents for work of "Preparation of DPR for Redesigning and Rejuvenation of old and damaged Trunk Sewer Line of Jodhpur City (South & North) and Lateral Sewerage System for connecting the domestic waste water generated from other left portion of Jodhpur City including area of Derby Colony, Rameshwar Nagar, Haddi Mill and Areas near Basni Benda STP etc." The further detailed bid conditions can be download from website **www.sppp.raj.nic.in, www.eproc.rajasthan.gov.in** Document will be available on website from Date 18/10/2024. **UBN No.: DLB2425WSOB10670**

Raj.Samwad/C/24/6720 Commissioner

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लिग्नाईट, सी-स्कीम, जयपुर- 302005(राज.), फोन नम्बर: (0141)2227938, 2227710, 2227715, फैक्स: (0141)2227360, 2227761 Email:- Jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in

**संशोधित निविदा सूचना-01** दिनांक :- 18/10/2024

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| F.6(1)56/CC/2024/ 115 Dated 07.10.2024 UBN No. MML2425SLOB00130 | सोनारी लिग्नाईट परियोजना, बाड़मेर पर तीन (03) बालेरो – 07 सीटर (ए.सी. डीजल टैक्सी परमिट) या समकक्ष वाहन मय वाहन चालक सहित किराये पर लेने हेतु। टैक्सियों का मॉडल वर्ष 2022 या उसके बाद का होना आवश्यक है। अनुमानित मूल्य (रू.) 60.00लाख धरोहर राशि (रू.) – 120,000/-, निविदा राशि– 4720/- जी.एस.टी. सहित। ई–निविदा प्रक्रिया शुल्क रूपये 1500/- का डी.डी. जो कि एम.डी.आर.आई.एस.एल. जयपुर के नाम देय हो। निविदा जमा कराने की अंतिम तिथि व समय दिनांक 25.10.2024 सांय 03.00 बजे तक। निविदा खुलने की तिथि व समय दिनांक 25.10.2024 को प्रातः 03.30 बजे तक। |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (यांत्रिकी–अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/6713 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्**

डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक नं. 5, जे.एल.एन. मार्ग, ओ.टी.एस. के पास, जयपुर-302017, E-mail : rcse.ict@gmail.com

क्रमांक :- राजस्कूलशिप/आईसीटी/2024-25/3615 दिनांक :- 17/10/2024

**शुद्धि पत्र 14/2024-25**

इच्छुक बोलीदाताओं से विद्या समीक्षा केन्द्र हेतु हॉर्डवेयर उपकरणों की सप्लाई एवं संस्थापना इत्यादि हेतु परिषद द्वारा जारी बिड संख्या 14/2024-25 dated 07/10/2024 (UBN No. RSE2425GLOB01349) को आमंत्रित की गई थी, संशोधन करते हुए Corrigendum जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी **www.sppp.raj.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है। **UBN No. RSE2425GLOB01349**

राज.संवाद/सी/24/6714 अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक-प्रथम

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. KARAULI**

No:- 2647-2660 Date: 10.10.2024

**Notice Inviting Bid**

Bid (E-NIT No. 06/2024-25) for Construction of 02 Nos CD Works are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 14.10.2024 to 05.11.2024 procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http:// sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 238.30 lacs.

NIB No:- PWD2425A2118

UBN No. PWD2425WSOB07867 (Chandra Prakash)

UBN No. PWD2425WSOB07868 Executive Engineer

DIPR/C/10054/2024 PWD Division Karauli

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर खण्ड बीकानेर**

क्रमांक-2450 दिनांक-14.10.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या- 16/2024-25**

**UBN NO. IS: PWD2425WSOB08124**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, बी, सी व डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। बोली से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http:/dipr.rajasthan.gov.in व http:// pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

| | |
|---|---|
| बोलीयों की कुल लागत | रु. 348.97 लाख |
| ऑन लाईन बोली फार्म भरने/अपलोड करने की अवधि | 14.10.2024, 9.30 बजे से 24.10.2024, 18.00 बजे तक |
| ऑन लाईन बोली खोलने की तारीख | 25.10.2024 को 11.00 बजे। |

राज्यपाल की आज्ञा से (राजीव गुप्ता) अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. नगर खण्ड बीकानेर

DIPR/C/10091/2024

**कृषि अनुसंधान केन्द्र**

(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)

दाहोद रोड, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001

क्रमांक : एफ ( )/कृअके/स्टोर/2024/101-103 दिनांक 16.10.2024

**निविदा सूचना (वर्ष 2024-25)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित सामग्री क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदायें बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 25.10.2024 समय प्रातः 01.30 बजे तक है तथा निविदा उसी दिन निविदादाता के समक्ष दोपहर 02.00 बजे खोली जायेगी। निविदा संबंधित जानकारी कार्यालय समय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र. सं. | सामग्री का विवरण | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | Certifited Seed •Maize hybrid DMRH-1301 and DMRH-1308 (4 kg per bag) दरें प्रति कि.ग्रा. के अनुसार देवें। दरें बोरवट फार्म, बांसवाड़ा ( राज. )पर आपूर्ति के अनुसार देवें। | 200 qt |

नोट : कृपया निविदा में उपयोग में लाई जाने वाली सामग्री का पूर्ण विवरण अवश्य लिखें।

संभागीय निदेशक अनुसंधान

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त जालोर**

क्रमांक-अअ/वृत्त/जा/2024-25/1394 दिनांक-14.10.2024

**निविदा सूचना संख्या- 03 वर्ष 2024-25**

**NIB NO. PWD2425A2166**

श्रीमान संयुक्त सचिव पथ सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान जयपुर महोदय की ओर से वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़क कार्यों की स्थाई मरम्मत कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 27 कार्य (06 पैकेज) जिनकी लागत राशि रू. 1067.00 लाख है, अत उक्त कार्यों के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 16 अक्टूबर 2024 प्रात 10.00 बजे से 07 नवम्बर 2024 सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http:// sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर दो जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्तार के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

NIB NO PWD2425A2166

| क्र.सं. | यूबीएन नं. |
|---|---|
| 1. | PWD2425WSOB08077 |
| 2. | PWD2425WSOB08080 |
| 3. | PWD2425WSOB08082 |
| 4. | PWD2425WSOB08086 |
| 5. | PWD2425WSOB08089 |
| 6. | PWD2425WSOB08090 |

(चतुर्भुज खुडीवाल) अधीक्षण अभियन्ता सा.नि.वि. वृत्त, जालोर मोबाईल-9414587359

DIPR/C/10042/2024

**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी (ML VII)/निलामी /2024/ई-08745

**ई-निलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आवंटन के लिए 200 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| क्र. सं. | जिला | तहसील | ग्राम | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धौलपुर | सरमथुरा | कछपुरा | सेण्डस्टोन | 55 |
| 2 | बाडमेर | शिव | रावत का गांव | सिलिका सैण्ड व मेसेनरी स्टोन | 3 |
| 3 | बूंदी | तालेड़ा | थनेश्वर | सेण्डस्टोन एवं खण्डा (मेसेनरी स्टोन) | 6 |
| 4 | बूंदी | तालेड़ा | थडी | एम-सेण्ड के निर्माण हेतु ऑवरबर्डन डंप के परमिट | 3 |
| 5 | करौली | करौली | सैमरदा | सिलिकासेण्ड | 1 |
| 6 | कोटा | चेचट | चेचट | लाईमस्टोन (डाईमेन्शनल),मेसेनरी स्टोन | 5 |
| 7 | केकड़ी | भिनाय | रामालिया | ग्रेनाईट व मेसेनरी स्टोन(एम-सैण्ड) | 2 |
| 8 | सिरोही | सिरोही | वलदरा | मेसेनरी स्टोन (एम.सेण्ड हेतु) | 2 |
| 9 | चित्तौडगढ़ | निम्बाहेड़ा | गढ़वाड़ा | मेसेनरी स्टोन (एम.सेण्ड हेतु) | 2 |
| 10 | भीलवाड़ा | बनेड़ा | आमली | मेसेनरी स्टोन (एम.सेण्ड हेतु) | 2 |
| 11 | सवाईमाधोपुर | बजीरपुर | छकड़ा | मेसेनरी स्टोन (एम.सेण्ड हेतु) | 2 |
| 12 | सलूम्बर | लसाड़ीया | बड़ली का चौरा | क्वार्टज व फेल्सपार | 5 |
| 13 | डीडवाना-कुचामन | डीडवाना | कोलिया | मेसेनरी स्टोन | 15 |
| 14 | उदयपुर | घांसा | चन्देसरा | मेसेनरी स्टोन (एम.सेण्ड हेतु) | 2 |
| 15 | उदयपुर | नयागांव | महीडा | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| 16 | डूंगरपुर | सागवाडा | झाखरी | क्वार्टज | 1 |
| 17 | डूंगरपुर | दोवडा | फलोज | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 18 | दौसा | सिकराय | कालवान | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 19 | चूरू | सुजानगढ़ | चरला | मेसेनरी स्टोन | 10 |
| 20 | जयपुर | चौमू | हाथनोदा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 21 | जोधपुर (ग्रामीण) | औसिया | पाबूनगर | मेसेनरी स्टोन | 30 |
| 22 | जैसलमेर | जैसलमेर | गणेश दास की ढाणी | मेसेनरी स्टोन | 15 |
| 23 | नीमकाथाना | नीमकाथाना | घाटामयगुवार | क्वार्टज, फेल्सपार व मेसेनरी स्टोन | 1 |
| 24 | नागौर | मुण्डवा | पालड़ीव्यासा | मेसेनरी स्टोन (एम-सैण्ड) | 2 |
| 25 | नागौर | डेगाना | ईडवा | मेसेनरी स्टोन | 3 |
| 26 | अलवर | बानसूर | खटोटी | ग्रेनाईट व मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 27 | अलवर | थानागाजी | डेरा | मेसेनरी स्टोन | 15 |
| 28 | अलवर | नौगावां | कारोली जागीर | मेसेनरी स्टोन | 2 |
| 29 | गंगापुर सिटी | बजीरपुर | बासबुर्जा | मेसेनरी स्टोन | 6 |
| 30 | गंगापुर सिटी | बजीरपुर | छकड़ा | मेसेनरी स्टोन | 1 |
| | | | कुल | | 200 |

विशेष नोट-

1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।


DIPR/C/10065/2024 (भगवती प्रसाद) IAS, निदेशक

# 'राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट लिखेगा औद्योगिक निवेश व विकास की नई इबारत'

■ माइनिंग सेक्टर से 45 हजार करोड़ के निवेश एमओयू हस्ताक्षरित, 50 हजार से अधिक के प्रस्तावित

**उदयपुर, (कासं)।** माइंस एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट प्रदेश में औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन, आर्थिक-सामाजिक विकास, राजस्व की दृष्टि से नई इबारत लिखने जा रहा है। राजस्थान का माइनिंग सेक्टर देश-प्रदेश के आर्थिक विकास का प्रमुख सेक्टर होने से हमें 8 नवंबर को जयपुर में आयोजित प्री समिट और दिसंबर में आयोजित इंवेस्टमेंट समिट में अधिक से अधिक निवेश प्रस्ताव लेकर आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के माइनिंग सेक्टर से रोड शो आदि में 45 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं वहीं 8 नवंबर को जयपुर में आयोजित प्री समिट में माइनिंग सेक्टर में 50 हजार करोड़ से अधिक के निवेश के एमओयू हस्ताक्षरित होंगे।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त शुक्रवार को उदयपुर में उदयपुर मार्बल प्रोसेसिंग समिति भवन में माइनिंग सेक्टर के स्टेक होल्डर्स और माइनिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कायम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उदयपुर खनिज की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। हमें माइनिंग सेक्टर में एक्सप्लोरेशन, माइनिंग, माइनिंग प्रोसेसिंग यूनिट या इसी तरह के अन्य उद्योगों में निवेश के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार माइनिंग सेक्टर से जुडे प्रतिभागियों के व्यावहारिक सुझावों का समावेश करते हुए जल्द ही नई माइनिंग नीति लाने जा रही है वहीं व्यवस्था को पारदर्शी और सरलीकरण की दिशा में कदम बढा रही है। उन्होंने कहा कि आज मेजर मिनरल के ऑक्शन में राजस्थान अग्रणी प्रदेश बन गया है। हमारी धरा में बेशकीमती खनि संपदा है अब हमें उसका वैज्ञानिक तरीके से खनन करना है।




माइनिंग स्टेक होल्डर्स से प्रमुख सचिव माइंस का सीधा संवाद करते हुए।

टी. रविकान्त ने कहा कि हमें खनिज सेक्टर में राजस्थान को शीर्ष पर लाना है। रोजगार और राजस्व को बढाना है वहीं देश दुनिया के नक्शे में राजस्थान की विशिष्ट पहचान बनानी है। उन्होंने चर्चा के दौरान प्राप्त सकारात्मक सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि गुणावगुण के आधार पर इन्हें लागू करने का प्रयास किया जाएगा। निदेशक खान एवं भूविज्ञान भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि विभाग द्वारा स्टेक होल्डर्स से सीधा संवाद करने की सकारात्मक पहल की गई है।

पहले जयपुर में, उसके बाद कोटा में और अब उदयपुर में स्टेक होल्डर्स से सीधा संवाद कायम किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे एक दूसरे की समस्याओं को समझने का अवसर मिलता है वहीं कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने का अवसर मिलता है। डीएमजी कलाल ने बताया कि राजस्थान माइनिंग सेक्टर में देश के नक्शे में तेजी से आगे बढ रहा है। कई खनिजों में तो हमें समूचे देश में सबसे आगे हैं। अब नई खनिज नीति आने से इस सेक्टर का और अधिक तेजी से विकास होगा। माइनिंग एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों और स्टेक होल्डर्स ने एक स्वर में सरकार की पहल की सराहना की वहीं क्लीयरेंस में तेजी लाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम विकसित करने, ईज ऑफ डूइंग, टीपी, आरसीसी-ईआरसीसी व्यवस्था समाप्त करने, रवन्ना व रॉयल्टी दरों के पुनरीक्षण करने, एमसेंड पर रॉयल्टी दर बजरी रॉयल्टी से कम करने, एक्सप्लोरेशन में निजी क्षेत्र की भागीदारी भी तय करने सहित महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

अतिरिक्त निदेशक दीपक तंवर ने स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक एमपी मीणा, पीआर आमेटा, एसएमई एसपी शर्मा, श्री कमलेश्वर बारेगामा, श्री सतीश आर्य ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी रिमोट सेंसिंग श्री सुनील वर्मा, एमई आसिफ अंसारी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर राजसमंद से मार्बल माइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव राठौड, मधुसूदन व्यास, अध्यक्ष मिनरल माइंस वेलफेयर संस्था राजसमंद नाना लाल सार्दुल, फैडरेशन के राजेन्द्र हरलालका, अल्ट्राटेक सीमेंट से तन्मय घोषाल, उदयपुर सीमेंट के केपी सिंह, अप्रधान खनिज खनन संघ के हितांशु कौशल, खनिज पर्यावरण सुधार समिति भीलवाड़ा के सत्यनारायण डीडवानिया व मानवेन्द्र कुमावत, उपरमाल पत्थर खनन व्यवसाय संघ के श्री राम प्रसाद विजयवर्गीय, एसएन लूनावत, मेसेनरी स्टोन माइंस एसोसिएशन के संजय सिंह बारहठ, दया लाल दया, माइंस एसोसिएशन के खीव सिंह राजपुरोहित, ग्रीन मार्बल माइंस एसोसिएशन के शरत कटारिया, मार्बल प्रोसेसर एसोसिएशन के कपिल सुराणा, सोप सटोन खनन पट्टाधारी के राजकुमार नलवाया आदि ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## सांवलिया सेठ के दर्शन किए

**मंडफिया, (निसं)।** विधि व विधिक परामर्शी एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल शुक्रवार दोपहर सांवलिया सेठ मंदिर पहुंचे एवं भगवान सांवलियाजी सेठ के दर्शन किए। मंदिर प्रभारी शर्मा ने बताया कि कैबिनेट मंत्री पटेल का मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल का मंदिर परिसर में सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट अर्जुन वैष्णव आदि मौजूद रहे।

## मां-बेटे का शव सौंपा

**उदयपुर,(कासं)।** पुत्र को फंदे पर लटकाने के बाद फॉसी लगाने वाली महिला व उसके पुत्र का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। फलासिया थाना पुलिस ने पुत्र कि साथ फांसी लगा आत्महत्या करने वाली दमाणा गांव निवासी कमला देवी (27) पत्नी दिनेश परमार व उसके पांच वर्षीय पुत्र मनोज का घटना के तीसरे दिन बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। प्रकरण के अनुसार तीन दिन पूर्व दमाणा फलासिया निवासी कमला देवी ने पुत्र मनोज को फांसी पर लटाने के बाद स्वयं ने फांसी लगा ली थी। इसकी सूचना मिलने पर फलासिया थानाधिकारी सीताराम मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर पीहर पारगिया पाड़ा बाघपुरा सूचना दी। घटना के तीन दिन बाद शुक्रवार को पीहर पक्ष के आने पर पुलिस ने मृतक मां बेटे का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप कर अंतिम संस्कार करवाया। डेढ वर्ष पूर्व कमला देवी ने प्रेम विवाह किया था। पति के साथ रहने के कुछ समय बाद पीहर चली गई थी। पांच माह पूर्व वापस आकर ससुराल रहने लगी।तीन दिन पूर्व कमला की दादिया सांस की मौत होने से गुरूवार को तीसरा था। वह अपने पीहर जाने की जीद कर रही थी। इसको लेकर परिजनों ने इनकार किया था। जिससे नाराज होकर पुत्र को फंदे पर लटकाने के बाद स्वयं ने फांसी लगा ली थी।इसकी सूचना मिलने पर पीहर पक्ष को बुलवा कर उनकी मौजूदगी में दोनों को नीचे उतरवा कर मोर्चरी में रखवाया।

## मौसमी बीमारियों को लेकर किया निरीक्षण

■ सीएमएचओ डॉ बिन्दल ने संस्थान में व्यवस्थाओं को सराहा

**राजसमंद, (निसं)।** सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुंवारिया का औचक निरीक्षण किया तथा वहां अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया।

उन्होंने संस्थान पर गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं को लेकर सराहना की। उन्होंने बताया वहां प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाएं बेहतर थी। साथ ही क्षेत्र की लक्षित गर्भवती महिलाओं की उपस्थिती एवं सभी आवश्यक जांचे अभियान के तहत की जा रही थी। सीएमएचओ डॉ बिन्दल ने वहां उपस्थित गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर फिड बैक लिया जिस पर सभी ने संस्थान द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवओं को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से मां वाउचर योजना को लेकर सभी गर्भवती महिलाओं को पूरी जानकारी देने तथा क्षेत्र की सभी लाभार्थी गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी शीघ्र करवाने के लिए निर्देशित किया। सीएमएचओ ने मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर क्षेत्र में विजिट की तथा चिकित्सा संस्थान के प्रभारी अधिकारी से विस्तार से समीक्षा की तथा डेंगू, मलेरिया, स्क्रबटाइफस की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके द्वारा पॉजिटिव मरीजो का क्रॉस वेरीफिकेशन किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं उपस्थिती आशा सहयोगिनीयों से नियमित एन्टीलार्वा गतिविधियां सम्पादित करने तथा मच्छरों के अधिक घनत्व वाले क्षैत्रों का तत्काल चिन्हीकरण कर फोगिंग के लिए चिकित्सा अधिकारी प्रभारी को अवगत कराने के लिए निर्देशित किया।


**कार्यालय नगर परिषद् बांसवाड़ा ( राज. )**

फोन : 02962-243714, 247201, फैक्स : 02962-243714, Email palika.bsw@gmail.com

क्रमांक: प. ( . )/न.प.बा./2024/ दिनांक : 18.10.2024

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इण्डस टावर्स लिमिटेड द्वारा नगर परिषद् बांसवाड़ा सीमा के अन्तर्गत नवीन मोबाईल टॉवर स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका विवरण अधोलिखित है:-

| S.No. | Site ID | Long/Lat. | Address |
|---|---|---|---|
| 1 | IN 3293194 | 23.54022 74.42505 | Khandu Colony Vishvakarma Mandir Ke Pass Sector 8 Banswara Rajasthan |

अत: उक्त स्थान पर मोबाईल टॉवर स्थापित करने हेतु किसी संस्था, व्यक्ति या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो आपत्ति कारण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति 07 दिवस में परिषद कार्यालय में प्रस्तुत करें बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जायेगी।

आयुक्त - नगर परिषद्, बांसवाड़ा



**UDAIPUR DEVELOPMENT AUTHORITY**

No.: R/NN-850333 Date : 18-10-2024

**PUBLIC NOTICE**

The licensee M/s/ Indus Tower Limited Jaipur has submitted application in this office for granting permission for erection/installation of telecom tower aboveground telegraph infrastructure on the land or building or location mentioned below :-

| S. No. | Detail of Location (Name of village, City, Ward No. Street Name, Road Name etc.) | Detail of Plot No./ Building/Land/ Structure |
|---|---|---|
| 1 | ON Divider, Opposite Dil Panjabi-3 & Spice Hub Restro Café, Mali Colony, 100 Ft Road, Gayariawas, Centre Area, Udaipur | Latitude24.57469 Longitude73.70973 (IN-3298389) |

Therefore, it is hereby informed to all concerned that if, any body has any objection or suggestion on granting permission for installation or establishment of above mentioned telecom infrastructure on the land/location above, he may submit objection or suggestion along with supporting documents before the undersigned during office hours on any working day within 7 days of the publication of this notice.

In absence of any objection/ suggestion within above stipulated time it any be deemed that nobody has objection/suggestion and matter will be disposed off accordingly.

Udaipur Development Authority
Secretary


# पेसिफिक विवि में विकसित भारत विषय पर ऑल इंडिया कॉमर्स कॉन्फ्रेंस शुरू

■ क्रॉन्फ्रेंस में देशभर के 2300 से अधिक विषय विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं

**उदयपुर, (कासं)।** शिक्षाविद नीति निर्माता और उद्यमी जब समग्र रूप से समन्वित प्रयास करेंगे तभी भारत विकसित देश बनेगा और यह कॉन्फ्रेंस प्रबुद्ध प्रोफेसरों को विचार मंथन और शोध प्रस्तुतीकरण का एक राष्ट्रीय मंच दे रही है यह कहना था ऑल इंडिया कॉमर्स कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथी जे.के. तायलिया का। एकॉन इंडस्ट्रीज के एम.डी. तथा पूर्व शिक्षाविद तायलिया ने जोर देते हुए कहा की खुले मन से सभी पक्षों पर विचार रखने से ही आर्थिक और औद्योगिक समस्याओं का सही आंकलन और समाधान संभव होगा। उदयपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन पेसिफिक विश्वविद्यालय में किया जा रहा है जिसमें देशभर के 2300 से अधिक विषय विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

मुख्य वक्ता डीन एन.एम. आई.एम.एस. मुम्बई के प्रो. जस्टिन पॉल ने गोविंद गुरु ट्राइबल यूनिवर्सिटी तथा पेसिफिक यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही इस कॉन्फ्रेंस में 2300 से अधिक शिक्षाविदों व शोधार्थियों को उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं में उद्यमिता विकास तथा समाज के सभी वर्गों को साथ में लेते हुए प्रौद्योगिकी का अनुकूलतम प्रयोग करने पर ही स्थायी विकास के पथ पर आगे बढा जा सकता है अन्यथा संतुलन और वर्ग संघर्ष की समस्या झेलनी पडेगी। सर्व शिक्षा व सर्व आवास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ही सभी आर्थिक गतिविधियों तथा बैंकिंग, इंश्योरेंस, मैन्युफैक्चरिंग व प्रोसेसिंग का संचालन किया जाना चाहिए इसके लिए विश्वविद्यालयों में व्यवसाय तथा कोपरिट जगत से संबंधित सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन की महत्ता विद्यार्थियों को दृढतापूर्वक समझनी होगी।




उदयपुर में पेसिफिक विवि में विकसित भारत विषय पर ऑल इंडिया कॉमर्स कांफ्रेंस शुरू हुई।

कॉन्फ्रेंस सेक्रेट्री गोविंद गुरु ट्राइबल वि.वि. के कुलपति प्रो. के. एस. ठाकुर ने कहा कि कॉन्फ्रेंस में डिजिटल युग में कॉमर्स तथा मैनेजमेंट की शिक्षा देने के विविध प्रभावी तरीकों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जनित संभावनाओं व चुनौतियों, मानव संसाधन प्रबंधन, डिजिटल मार्केटिंग, डिजिटल पेमेंट, इंश्योरेंस, पर्यटन, ग्रामीण विकास, रोजगार तथा उद्यमिता से संबंधित पहलुओं पर विशेष रुप से शोध पत्र प्रस्तुत किये जा रहे है।

पेसिफिक यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट प्रो. हेमन्त कोठारी ने कहा कि देश के विकास में कॉमर्स तथा मैनेजमेंट की शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।आई.सी.ए. अध्यक्ष दिल्ली वि.वि. के प्रो. अजय सिंह ने कहा कि इस सम्मेलन का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह वाणिज्यिक शिक्षा और व्यापारिक रणनीतियों में सुधार लाने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करता है, जो देश की आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक है। आई.सी.ए. द्वारा तीन प्रमुख शोध पुरस्कारों की घोषणा की गयी। एसोसिएट प्रो. पवन कुमार पटोदिया को शिंदे मेमोरियल अवार्ड के रुप में 50000 रुपये की पुरुस्कार राशि दी गयी। दक्षिण कन्नडा कॉलेज, कर्नाटक के एम.एस. दिव्यश्री को यंग रिर्सचर अवार्ड के रुप में 25000 रुपये की पुरुस्कार राशि दी गयी। दो लाख रुपये के पुरस्कार से सम्मानित प्रो. मनु भाई शाह मेमोरियल अवार्ड के विजेता दक्षिण दिनाजपुर वि.वि. के कुलपति देबाब्रता ने अपने शोध पत्र वाचन में बताया कि समुदाय-आधारित इकोटुरिज्म स्थानीय समुदायों को रोजगार के नए अवसर प्रदान करता है, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिससे पर्यावरण को भी लाभ मिलता है। कुल मिलाकर, यह मॉडल सतत् विकास को बढ़ावा देता है और ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाता है। कॉन्फ्रेंस के दूसरे ट्रेक में भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से प्रबंधन शिक्षा दिये जाने पर चर्चा हुई। रामायण में जीवन और नेतृत्व के कई ऐसे सिद्धांत मिलते हैं, जो आधुनिक प्रबंधन में भी उपयोगी हैं। राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के चरित्रों से नेतृत्व, टीम वर्क, समर्पण, नैतिकता और निर्णय लेने की क्षमता सीखी जा सकती है।

## युवक पर प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** शहर के सुखेर थाना पुलिस ने युवक व उसके साथी पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वालो को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसारपीडित युवराज सिंह ने सुखेर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें पीडित ने बतायाकि मै, मित्र संजय गौराणा व महिला मित्र सभी रात के समय होटल तुलसी ढाबा मनोहरपुरा खाना खा रहे थे। जहां दीपसिंह चौहान के पुत्र आये तथा मेरे मित्र पर बतमिजी करना शुरू कर दिया।

इस पर मैने व साथियों ने विरोध किया। इसको देख वहां आए अरमान खान, उदित शर्मा, अरदीन खान,नरेन्द्रसिंह उर्फ नरू, गिरिराज सिंह ने मारपीट करना शुरू कर दिया तथा दीपक व अरदीन मुझ पर व साथी संजय पर चाकू से हमला कर फरार हो गए। मामले में प्रकरण दर्जे होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र बोरीवाल के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत के नेतृत्व में एएसआई हरिशचंद्र सनाढ्य मय टीम ने आरोपी दीपक सिंह, अरमान खान, नरेन्द्रसिंह उर्फ नरू को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। इस मामले में आरोपी मो. अरदीन खान उर्फ लाला पुत्र सईद खान निवासी शांतिनगर सेक्टर 5 को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। आरोपी अरदीन खान के खिलाफ 14 अपराधिक प्रकरण दर्ज है।


**कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला उदयपुर (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2024-25/1301 दिनांक :- 01.10.2024

**ऊजरदारी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित ने आवंदेक द्वारा निर्माण स्वीकृती/नामान्तरण/ उपविभाजन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षैत्र में स्थित स्वयं के "पुश्तैनी" एवं खरीदशुदा मकान/भुखण्ड का पटटा/ निर्माण स्वाकृति/नामान्तरण एवं उपविभाजन चाहा गया हैं। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वाकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | पत्रावली संख्या | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षैत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1 | श्री कुंदन पालीवाल पिता श्री तुलसीराम जी पालीवाल निवासी-रहट का कुआं आमली, तहसील मावली, जिला उदयपुर (राज.) | निर्माण स्वीकृती | भुखण्ड. संख्या 17 | आम रास्ता | भुखण्ड.सख्या 19 | आम रास्ता | 1500 |
| 2 | श्री विनोद धर्मावत पिता मदनलाल जी धर्मावत निवासी-फतहनगर श्री अंशुल मंगल पिता श्री मनीष मंगल, श्री हितांश मंगल पिता श्री मनीष मंगल, श्रीमति रानु मंगल पत्नि श्री मनीष मंगल निवासी-फतहनगर | निर्माण स्वीकृती | आम रास्ता | रामचंद्र जी अग्रवाल की कृषि भुमि | अन्य भुखण्ड | विनोद जी धर्मावत एवं मेना देवी धर्मावत का का प्लॉट | 2000 |
| 3 | श्री राकेश कुमार जोशी पिता दिन दयाल जोशी निवासी- अलवर | नामान्तरण | भुखण्ड. सख्या 51 | आम रास्ता 40 फिट चौडा | भुखण्ड.सख्या 53 | आम रास्ता 40 फिट चौडा. | 2100 |
| 4 | श्रीमति कमला बाई पत्नि श्री लक्ष्मी लाल जी, निवासी- धुणी, फतहनगर | निर्माण स्वीकृती | आम रास्ता | आम रास्ता | पप्पु मेघवाल का मकान | भवंरलाल मेघवाल का मकान | 2145 |
| 5 | श्री मुकेश कुमार पिता समन्दर लाल जी शर्मा निवासी- फतहनगर | उपविभाजन | भुखण्ड संख्या 03 | भुखण्ड संख्या 05 | आम रास्ता | अन्य कृषि भूमि | 1250 |
| 6 | श्रीमति सुनिता देवी वेष्णव पत्नि श्री दीपक कुमार वेष्णव निवासी-फतहनगर | उपविभाजन | भुखण्ड संख्या 107 | भुखण्ड संख्या 108 | आम रास्ता | भुखण्ड संख्या 75 | 2200 |
| 7 | श्रीमति चांद कुंवर पत्नि श्री शंकर लाल चौहान निवासी-फतहनगर | निर्माण स्वीकृति | आम रास्ता | भुखण्ड संख्या 236 | भुखण्ड संख्या 225 | भुखण्ड संख्या 223 | 1055 |
| 8 | श्रीमति पिंकी अग्रवाल पत्नि श्री विनोद अग्रवाल निवासी-फतहनगर | निर्माण स्वीकृति | अन्य भुमि | आम रास्ता | भुखण्उ संख्या R-49 | आम रास्ता | 1747.5 |
| 9 | श्री आशीष कुमार पिपाडा पिता हिम्मतलाल जी पिपाडा (जैन) निवासी-फतहनगर | पटटा सर्मपण | श्री हस्तीमल जी श्री सुरेश चन्द्र जी मारू का प्लाट | श्री विनोद कुमार सियाल | श्री हस्तीमल जी श्री सुरेश चन्द्र जी मारू का प्लाट | आम रास्ता | 1200 |
| 10 | श्रीमति इन्द्रा देवी पत्नि श्री आनन्दी लाल सनाढय निवासी-वार्ड न. 20 | पटटा | रोड. | स्वयं का मकान | नाला एवं रेल्वे बाउण्ड्री | आम रास्ता | 195.25 |

राज.संवाद/सी/24/6707 अधिशाषी अधिकारी


## दो ऑटो चोरी

**उदयपुर,(कासं)।** सुखेर एवं गावेर्धन विलास थाना क्षैत्र से अज्ञात बदमाश दो ऑटों चुरा ले गए।जानकारी के अनुसार पीडित कैलाशचन्द्र सालवी निवासी सूर्योदय कॉलोनी भुवाणा ने सुखेर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 14 अक्टूबर को चुंगी नाका के पास लोडिंग ऑटों खड़ा किया था। जो दूसरे दिन नहीं मिला। इसी तरह खेरवाड़ा हाल गोवर्धन विलास थानाक्षैत्र मीटी मउडी निवासी कैलाश चन्द्र मीणा निवासी राजस्थान हाउिंसग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 14 गोवर्धन विलास ने प्रकरण दर्ज करवाया।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू

**बांसवाड़ा, (निसं)।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की ओर से आयोजित 35वीं अखिल भारतीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्या निकेतन उमावि मंदारेश्वर परिसर में हुआ। प्रतिस्पर्धा में देश के 9 क्षेत्रों से 166 प्रतिभागी सहभागिता कर रहें हैं।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विद्या भारती संस्थान के अध्यक्ष रमेश बृजवासी, समाजसेवी जिनेन्द्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद्र पटेल, पूर्व केबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिषेक गोयल, विद्या भारती राजस्थान क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद कुमार, विद्या भारती क्षेत्रीय सह मंत्री राकेश डामोर, राजस्थान के खेल प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा और तीरंदाजी खेल संयोजिका बिंदु शर्मा मौजूद रहें। अतिथियों का उपरणा औढा तिलक लगाकर स्वागत विद्या भारती चित्तौड प्रांत के प्रांत सचिव मानेंग पटेल, जनजाति समिति के क्षेत्रीय सचिव नारायण लाल गमेती, सह सचिव कल्पेश ठाकुर, संस्कार केंद्र प्रमुख गोपाल राव, कोषाध्यक्ष भूदेव भट्ट, प्रधानाचार्य गोविंद सिंह राव और संस्थान जिला उपाध्यक्ष अरुणा डिंडोर ने किया। कार्यक्रम के विधिवत उद्घाटन की घोषणा अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिषेक गोयल ने की। मुख्य अतिथि महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रतिभागियों और अभिभावकों से जिले की भौतिक और सांस्कृतिक आभा को साझा किया। मालवीया ने कहा कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा भी विद्या निकेतन विद्यालय में हुई है।

## पार्किंग में मरीज के परिजन से मारपीट

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के श्रीहरिदेव जोशी जिला अस्पताल की पार्किंग में मारपीट के दो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे है। एक वीडियो दिन का है और दूसरा रात का है। पार्किंग देखने वाले लडकों पर मरीज के परिजन से मारपीट करने का आरोप है। हालांकि भास्कर डिजिटल इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

श्री हरिदेव जोशी डूंगरपुर जिला अस्पताल के पार्किंग में मारपीट की 2 वारदातें सामने आई है। दोनों के वीडियो में कुछ युवक मिलकर पार्किंग में मरीज के परिजनों के साथ मारपीट कर रहे है। एक वीडियो दिन का है, वहीं दूसरा रात का है। रात के समय मारपीट की यह घटना पार्किंग के पैसों को लेकर बताई जा रही है। मरीज के साथ गाडी लेकर आए युवक से पार्किंग के पैसे मांगे गए। इस युवक ने पार्किंग के पैसे पहले देने की बात कही, लेकिन युवकों ने एक बार बाहर जाने के बाद फिर से पार्किंग का अलग चार्ज लगने की बात ?कही। जिस पर विवाद बढ गया और मारपीट हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने मारपीट का वीडियों बना लिया। वहीं, मारपीट की घटना के बाद मरीज और उनके साथ आए परिजनों में आक्रोश है। हालांकि दोनों में से किसी भी पक्ष की ओर से कोतवाली में रिपोर्ट नहीं दी गई है। वहीं, इस बारे में श्री हरिदेव जोशी जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. महेंद्र डामोर ने बताया कि वीडियो उनके पास भी आए है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत घणावल,**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-ग्रापघ/2024-25 दिनांक-14.10.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत घणावल में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 24.10.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No ZUD2425GLRC01613

| सरपंच | ग्राम विकास अधिकारी |
|---|---|
| ग्राम पंचायत घणावल | ग्राम पंचायत घणावल |
| पंचायत समिति सायरा | पंचायत समिति सायरा |
| जिला-उदयपुर ( राज. ) | जिला-उदयपुर ( राज. ) |



**SBI** भारतीय स्टेट बैंक STATE BANK OF INDIA

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास उदयपुर, राजस्थान 313001, ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है" के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्रं./लॉट सं. | ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( प्रलक्षित/ वास्तविक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री यशवन्त सुथार पुत्र श्री खेम राज सुथार मकान नं. 71, तुलसी नगर, भुवाणा, उदयपुर, राजस्थान- 313001 | श्री यशवन्त सुथार पुत्र श्री खेम राज सुथार के नाम साम्यिक बंधक आवासीय प्लॉट नं. 40, ब्लॉक-ई, हिरण मगरी, सेक्टर-09, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 450.00 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: साईट प्लान के अनुसार प्लॉट, पश्चिम: रोड़ 30 फीट चौड़ी, उत्तर: प्लॉट नं. 39, दक्षिण: साईट प्लान के अनुसार प्लॉट अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | रूपये 18,19,491/- दिनांक 18.06.2024 को बकाया ( दिनांक 18.06.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 22.11.2024 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 16,50,000/- / धरोहर राशि- रूपये 1,65,000/- / बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | प्रलक्षित | 19.11.2024 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://bank.sbi / www.sbi.co.in एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://ebkray.in देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नं. 9413397930 पर संपर्क कर सकते है।

हस्ता.
( रविन्द्र सिन्हा )
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

दिनांक: 18.10.2024
स्थान: उदयपुर



**SBI** भारतीय स्टेट बैंक STATE BANK OF INDIA

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास उदयपुर, राजस्थान 313001, ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है" के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्रं./लॉट सं. | ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( प्रलक्षित/ वास्तविक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री ख्याली लाल कोठारी पुत्र श्री भंवर लाल कोठारी एवं सह-ऋणी श्रीमती सरोज कोठारी पत्नी श्री ख्याली लाल कोठारी मकान नं. 955, ज्ञान नगर, सेक्टर-04, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान 313001 एवं फ्लैट नं. जीवीएफ/एम07, प्रथम तल, गोवर्धन अपार्टमेन्ट, गोवर्धन विलास, सेक्टर-14, उदयपुर, राजस्थान 313001 एवं द्वारा महाराजा स्टोर एण्ड महाराजा लिंगरी, 491, सेक्टर-4, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान 313001 | श्री ख्याली लाल कोठारी पुत्र श्री भंवर लाल कोठारी के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो फ्लैट नं. जीवीएफ/एम07, प्रथम तल, गोवर्धन अपार्टमेन्ट, गोवर्धन विलास, सेक्टर-14, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 803.09 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: जीवीएफ/एम-06 प्रथम तल एवं सीढ़िया, पश्चिम: खुली जगह, उत्तर: जीवीएफ/एम-08 प्रथम तल, दक्षिण: खुली जगह अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | रूपये 25,69,708.89 दिनांक 21.05.2024 को बकाया ( दिनांक 21.05.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 22.11.2024 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 25,50,000/- / धरोहर राशि- रूपये 2,55,000/- / बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | प्रलक्षित | 18.11.2024 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://bank.sbi / www.sbi.co.in एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://ebkray.in देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नं. 9413397930 पर संपर्क कर सकते है।

हस्ता.
( रविन्द्र सिन्हा )
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

दिनांक: 18.10.2024
स्थान: उदयपुर

# महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती पर ऋषि मेला शुरू

## गुजरात के राज्यपाल ने मेले का विधिवत उद्घाटन किया, सैकड़ों आर्य प्रेमी पहुंचे

**अजमेर, (कासं)।** महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती पर अजमेर के ऋषि उद्यान में ऋषि मेला विधिवत शुरू हो गया। तीन दिवसीय ऋषि मेले का उद्घाटन गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने किया। इस मौके पर देशभर से कई बड़े आर्य विद्वान और गणमान्य उपस्थित हुए।

ऋषि मेले के शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत विशेष विमान से किशनगढ़ एयरपोर्ट पहुंचे जहां से वे सड़क मार्ग से अजमेर आए। यहां ऋषि उद्यान में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, अजमेर के सांसद एवं केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी सहित अनेक आर्य विद्वान उपस्थित थे। राज्यपाल आचार्य देवव्रत वापसी में सड़क मार्ग से किशनगढ़ स्थित केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के आवास पर भी पहुंचे जहां स्वयं चौधरी व उनके पुत्र सुभाष चौधरी, राजेश चौधरी ने बुके देकर राज्यपाल का स्वागत किया।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि लोग देसी गौमाता, प्राकृतिक कृषि एवं पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लेंगे। महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं जयंती इसी मिशन के साथ मनाई जा रही है। आर्य समाज सदा से ही समाज व देश सेवा में अग्रणी रहा है। महर्षि दयानन्द सरस्वती जो देश के बड़े समाज सुधारक और सांस्कृतिक मूल्यों के संस्थापक, संस्कृति के प्रचारक रहे हैं उनके विचार जनमानस तक पहुंचे इस उम्मीद के साथ ऋषि मेले का आयोजन जन आंदोलन बनेगा।

राज्यपाल आचार्य देवव्रत अजमेर में महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती के शुभारंभ अवसर पर ऋषि उद्यान में मीडिया से बातचीत में यह विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती के विचार जन मानस में जाएं, लोग कुरीतियों से दूर हों। समाज स्वस्थ रहे। पर्यावरण का संरक्षण हो। जीवन बचे, गोपालन और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा मिले। हम स्वस्थ रहें, निरोगी बने, धरती माता स्वच्छ रहे तीन दिवसीय ऋषि मेले में यही मिशन होगा। इस मौके पर देश भर से कई बड़े आर्य विद्वान और गणमान्य उपस्थित हुए हैं। शुक्रवार को ऋषि उद्यान में सुबह पांच बजे से योग एवं प्राणायाम और सात बजे से यजुर्वेद परायण यज्ञ हुआ। यज्ञ ब्रह्मा डॉ. कमलेश शास्त्री अहमदाबाद रहे। नियमित यज्ञ कार्यक्रम के बाद सुबह 10 बजे ध्वजारोहण किया गया। दोपहर ढाई बजे वेदों की ओर लौटो सम्मेलन आयोजित किया गया।



गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने ऋषि मेले का शुभारंभ किया।

■ देसी गौमाता, पर्यावरण, प्राकृतिक कृषि संरक्षण का लोग संकल्प करें : राज्यपाल देवव्रत

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 19 अक्टूबर को मेले में मुख्य अतिथि होंगे। आर्य समाज और राजनीति पर होने वाले सम्मेलन में वे विचार रखेंगे। इसी दिन आर्य समाज और सोशल मीडिया विषय पर विचार मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सूचना आयुक्त हरियाणा डॉ. कुलबीर छिकारा होंगे। शाम को आर्यवीर दल की ओर से व्यायाम प्रदर्शन किया जाएगा। आर्य समाज के गुरुकुल दशा और दिशा पर सम्मेलन आयोजित होगा। ऋषि मेले का समापन 20 अक्टूबर को होगा।

## चोरों ने लाखों का माल उड़ाया

**जोधपुर, (कासं)।** मतोड़ा थाना क्षेत्र में एक मकान में अज्ञात चोरों ने रात के समय घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मकान से सोने-चांदी के जेवरात और नगद रुपए लेकर चले गए। घटना के समय परिवार के लोग आराम की नींद सो रहे थे। इसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

■ घर के आसपास दो लोगों के आने-जाने के निशान मिले

थाने में दी रिपोर्ट में इशरू निवासी आमसिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर की रात लगभग 11 से 4 बजे के बीच अज्ञात चोर उनके घर में घुसे और घर के कमरे में रखी दो अटेचियों से सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गए। चोर गले का मंगलसूत्र, नाक की बाली, रखड़ी, चांदी के पायल, अंगूठियां, गले का हार सहित 10 तोला से ज्यादा का जेवरात और 50 तोला चांदी चुरा कर ले गए। परिवार को चोरी का पता सुबह उठने पर चला जब कमरे का दरवाजा खुला हुआ देखा। कमरे के अंदर से दोनों सूटकेस गायब थे। घर के आसपास दो लोगों के आने-जाने के निशान मिले। वहीं थोड़ी दूरी पर ही खेत में सूटकेस खाली पड़े हुए मिले। अंदेशा है कि बाइक पर सवार होकर आए दो चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल चोरों का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है।

## ताश पत्ती पर जुआ खेलते छह जने गिरफ्तार



बरोनी थाना पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार किया।

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थाना पुलिस ने ताश पत्ती पर जुआ खेलते हुए छह जनों को गिरफ्तार कर 41540 रुपए की राशि व ताश पत्ती जब्त की है।

बरोनी थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांव बगड़ी में सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दबिश देकर कल्याण पुत्र राधेश्याम शर्मा निवासी घाटी मोहल्ला निवाई, हेमंत पुत्र भोजराज जायसवाल निवासी बस स्टैंड के पास निवाई, राजेश खटीक निवासी झिलाय, बाबूलाल जैन झिलाय, गिरधारी कुमावत निवासी सीन्दरा व देवनारायण गूर्जर को गिरफ्तार किया।

■ 415540 रुपये की राशि जब्त की

## झाड़ियों में पांच माह का भ्रूण मिला

**निवाई, (निसं)।** शुक्रवार को दत्तवास में बाजार के पीछे झाड़ियों में एक भ्रूण मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर दत्तवास पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर निवाई सीएचसी की मोर्चरी में रखवा दिया है।


दत्तवास थानाधिकारी कालूराम ने बताया कि शुक्रवार की सांय करीब 4:30 बजे दत्तवास के बाजार में पीछे की ओर झाड़ियों में करीब पांच माह का भ्रूण मिला है। उन्होंने बताया कि भ्रूण का डीएनए टेस्ट के लिए नमूने लिए जाएंगे। इसके बाद पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा।

# सोशल प्लेटफॉर्म पर हथियार सहित फोटो डाली, गिरफ्तार

**सरवाड़, (निसं)।** पुलिस ने सोशल प्लेटफॉर्म पर हथियार के साथ फोटो पोस्ट करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है।

सरवाड़ थानाधिकारी जगदीश प्रसाद चौधरी ने बताया कि राजस्थान पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक इंस्टाग्राम एक्स-ट्वीटर व्हाट्सअप टेलीग्राम सहित अन्य पर हथियार सहित फोटो पोस्ट करने साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने एवं अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की सतत निगरानी की जा रही है शांतिभंग में किया गिरफ्तार निगरानी के दौरान पुलिस टीम को पता चला कि विनोद पुत्र रामस्वरूप प्रजापत निवासी कुम्हार मोहल्ला सरवाड़ द्वारा सोशल प्लेटफॉर्म पर हथियार सहित फोटो पोस्ट की गई है। पुलिस ने विनोद प्रजापत को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया।

**जोधपुर में अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार :-** शहर की लूणी पुलिस ने गश्त में संदिग्ध युवक को पकड़ा। उसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल एवं जिंदा कारतूस जब्त किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। लूणी पुलिस के अनुसार सब इंस्पेक्टर सुलोचना गुरूवार को सायंकालीन गश्त पर थी। तब एक संदिग्ध युवक धुंधाड़ा के पास में मिला। संदिग्ध लगने पर तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास में एक पिस्टल एवं जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने अब धुंधाड़ा निवासी बिंजाराम पुत्र हरिंगाराम पटेल को गिरफ्तार कर लिया।



सरवाड़ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया।

## छात्र को परीक्षा दिलाने भीलवाड़ा लाई सीबीआई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्र संदीप कुमार को नीट यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरफ्तार होने के बाद शुक्रवार को सीबीआई परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा में भीलवाड़ा लेकर आई। संदीप को यह परीक्षा पहले देनी थी, लेकिन उस समय सीबीआई पटना ने संदीप को गिरफ्तार कर लिया था। ऐसे में उस समय संदीप परीक्षा देने नहीं आया था। अब सप्लीमेंट्री परीक्षा के दौरान संदीप को परीक्षा देने का मौका दिया गया। शुक्रवार को सुबह 10 बजे परीक्षा शुरू हुई उससे पहले संदीप को सीबीआई टीम मय जाप्ते के साथ मेडिकल कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र पर लेकर पहुंची।

# सैन्य जवान पर पत्नी की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप

■ मृतका के भाई ने बहनोई और ससुराल वालों पर हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दी

**जोधपुर, (कासं)।** रातानाड़ा के सैन्य क्वार्टर में सेना के जवान की पत्नी की संदिग्ध हालत में गत 16 अक्टूबर को मौत हो गई थी। उसका शव क्वार्टर में पंखे के हुक में लटका हुआ मिला था। मृतका के भाई अर्द्धसैनिक बल में तैनात राजीव लोचन नायक की तरफ से अपने बहनोई और उसके ससुराल वालों पर साजिशपूर्ण तरीके से हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए रातानाड़ा थाने में रिपोर्ट दी गई है।

राजीव लोचन नायक (अर्द्धसैनिक बल) निवासी ग्राम अपरतीपुर तहसील वासुदेवपुर, जिला भद्रक आडिसा हाल निवासी 12 वीं रिजर्व बटालियन सीआईएसएफ बहरोड़ की तरफ से मामला दर्ज कराया गया।

इसमें बताया कि उसकी बहन अनुपमा नायक का विवाह सत्यरंजन बारिक के साथ 17 अक्टूबर 2022 को सामाजिक रीति-रिवाज एवं न्यायालय के अनुसार सम्पन्न हुआ। विवाह के पश्चात आज दिन तक मेरी बहन के कोई संतान की उत्पति नहीं हुई थी। रिपोर्ट में आरोप है कि विवाह के पश्चात से ही उसकी बहिन को आए दिन सत्यरंजन बारिक, सत्यरंजन बारिक के भाई, इनके माता- पिता और बहन ताने देते रहते थे और मारपीट भी करते थे। मगर उसकी बहन ने ना तो उसे बताया और ना ही घरवालों को कभी बताया था। मगर जब अनुपमा को ससुराल वालों ने इन दिनों मारपीट करनी शुरु कर दी और मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लग गए तब मुझे व मेरे माता-पिता को इस बात की जानकारी हुई। मारपीट का कारण ससुराल वालों द्वारा दहेज की मांग था।

इस पर बाद में बहन के ससुराल वालों को 69 ग्राम सोना, चांदी 250 ग्राम और तीन लाख रुपए दिए। बाद में कुछ दिन सब ठीक चला। मगर फिर से तंग और परेशान किए जाने लगे। उसका बहनोई सत्यरंजन बारिक उसकी बहन को लेकर जोधपुर क्वार्टर में रहने लग गए। जहां उससे मारपीट की जाती थी। 16 अक्टूबर को सूचना मिली कि अनुपमा का शव पंखे के हुक में लटका है। मृतका के भाई राजीव लोचन का आरोप है कि उसकी हत्या कर शव को पंखे के हुक में लटकाया गया है।

# 27 अक्टूबर को होगा परीक्षा का आयोजन

■ प्रोग्रामर (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्रोग्रामर (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 27 अक्टूबर को सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक एवं दोपहर 3 से सायं 5 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

आयोग की संयुक्त सचिव ऋषिबाला श्रीमाली ने बताया कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के लिए आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 20 अक्टूबर से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे।

परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 24 अक्टूबर 2024 को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है।

## अवैध बजरी से भरा ट्रक जब्त

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रक को जब्त किया है। थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम ने एक ट्रक अवैध बजरी भरकर आ रहा था जिसे रुकवाकर बजरी के वैध कागजात मांगे। चालक द्वारा कागजात नहीं देने पर ट्रक को मय बजरी के जब्त कर लिया गया।

# सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के अंतर्गत बालिकाओं से संवाद किया



पांच हजार से अधिक बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को ''आवाज दो'' कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

■ बालिकाओं से शारीरिक छेड़छाड़, अश्लील हरकतें, रास्ते में पीछा करने या अश्लील साहित्य दिखाने या भेजने जैसे अपराधों पर सुरक्षा के विभिन्न साधनों की चर्चा की

**अजमेर, (कासं)।** महिला सशक्तिकरण महिला सुरक्षा एवं जेंडर क्षमता तथा महिलाओं को उनसे संबंधित कानून के प्रति जागरूक करने तथा अपराधों के पंजीकरण व्यवस्था को सुधार करने एवं महिलाओं में बढ़ रहे अत्याचारों में कमी लाकर त्वरित न्याय दिलवाने के क्रम में उप महानिदेशक अजमेर रेंज ओमप्रकाश ने रेंज स्तर पर ''आवाज दो'' (स्पीक अप) जागरूकता एवं महिला सुरक्षा सखी अभियान शुरू करने की थाना स्तर पर सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा अभियान 5 से 20 अक्टूबर तक रखा गया था। इस अभियान के अंतर्गत अलवर गेट थाना स्तर पर नोडल अधिकारी एवं सुरक्षा सखी के तत्वावधान में सुरक्षा सखियों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित कानून एवं सुरक्षा की जानकारी देने का अभियान बड़े स्तर पर किया गया।

अलवर गेट थाना सुरक्षा सखी डॉक्टर मधु खंडेलवाल द्वारा इस अभियान के तहत अलवर गेट के आसपास 6 बड़े स्कूलों सेंट फ्रांसिस स्कूल, सेंट पॉल स्कूल, सेंट थॉमस स्कूल, कान्वेंट स्कूल, राजकीय उच्च माध्यमिक राजा कोठी स्कूल एवं राजकीय उच्च माध्यमिक श्रीनगर रोड विद्यालय में पांच हजार से अधिक बालिकाओं एवं विद्यार्थियों को ''स्पीक अप'' कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी एवं पुलिस द्वारा मुहैया कराई गई बालिका सुरक्षा एवं विभाग द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर की विस्तृत जानकारी स्कूली बच्चों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को दी गई। गरिमा हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 सभी विद्यार्थियों को संवाद के दौरान कंठस्थ याद करवाया गया है।

बालिकाओं से शारीरिक छेड़छाड़, अश्लील हरकतें, रास्ते में पीछा करने या अश्लील साहित्य दिखाने या भेजने तथा बार-बार फोन और मैसेज करने या अश्लील इशारे करने जैसे अपराधों पर सुरक्षा के विभिन्न साधनों की विस्तृत चर्चा की गई तथा चाइल्ड लाइन नंबर एवं साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाले अपराध, रोकथाम, यौन दुराचार के प्रति गुड टच और बेड टच के साथ पुलिस एवं प्रशासन द्वारा दी गई विभिन्न सुविधाएं और एवं सुरक्षा की जानकारी भी दी गई।

डॉ. मधु खंडेलवाल ''आवाज दो'' कार्यक्रम की समन्वयक भी रही है एवं पॉक्सो तथा महिला अत्याचार से संबंधित न्यायिक प्रक्रिया एवं सुरक्षा प्रावधान के साथ हेल्पलाइन नंबर्स सभी स्कूली विद्यार्थियों को लिखवा कर इस अभियान को तेज गति दी गई। इसके साथ ही मोबाइल के बढ़ते दुरुपयोग एवं पुस्तकों से दोस्ती करने जैसे विचारों पर भी बच्चों से खंडेलवाल द्वारा संवाद किया गया। अगले सप्ताह सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के अंतर्गत अलवर गेट सुरक्षा सखियों द्वारा अलवर गेट थाना रेंज के आसपास घर-घर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं से उनकी समस्याएं और उनके द्वारा उनकी बात सुरक्षा सखी संवाद पर विस्तृत चर्चा का कार्यक्रम रहेगा।

## प्रकाश चंद्र जैन के नेत्रों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**कोटा, (निसं)।** लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सहयोग से जम्बू कुमार जैन समाजसेवी के पिता प्रकाश चंद्र जैन के निधन पर उनका नेत्रदान संभव हो सका। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के ब्लड एवं आई डोनेशन चेयरमैन भुवनेश गुप्ता ने बताया कि रात 12.00 के करीब जम्बू कुमार जैन ने बताया कि किसी कारण से उनके पिता प्रकाश चंद जैन (74) का निधन हो गया।

प्रकाश चन्द्र जैन सेवाभावी और दानी स्वभाव के थे, उन्हीं के स्वभाव के चलते परिवार ने नेत्रदान की इच्छा जाहिर की। जम्बू कुमार जैन और उनकी तीन बहन सहमत हो गई और रात को ही नेत्रदान का कार्य संपन्न हुआ। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि जम्बू कुमार जैन का फोन आते ही शाईन इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ.कुलवंत गौड़ से संपर्क किया। उनके सहयोग से आई बैंक सोसाइटी के टेक्नीशियन टिंकू ओझा ने नई धानमंडी देर रात 12.30 पहुंचकर एक बजे नेत्र संकलन किया। भुवनेश गुप्ता ने बताया कि प्रकाश चंद जैन काफी सरल स्वभाव के धनी थे, वह हमेशा सेवा दान पुण्य और लोगों का हर संभव सहयोग करने के लिए जाने जाते थे, उन्हीं के स्वभाव के स्वरूप ही परिवार ने उनके नेत्रदान के संकल्प को पूरा किया। उन्होंने कहा कि उनके नेत्रों से अब दो लोगों के अंधकारमय जीवन में रोशनी आ सकेगी। इस कार्य में लायंस क्लब कोटा टेक्नो का विशेष सहयोग रहा।

# कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें अधिकारी : चौधरी

**जयपुर/सिरोही।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं भू-जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में जालोर, पाली, सिरोही, सांचौर की विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन शुक्रवार को सर्किट हाउस में किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी विभिन्न स्तर पर किए गए कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने गुणवत्ताविहीन कार्यों पर ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात कही। साथ ही कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके क्षेत्रों के संबंध में बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने जिलों में विभिन्न प्रोजेक्ट्स के तहत अब तक किए गए कार्य एवं लंबित कार्यों की स्थिति जानी तथा कहा कि कार्य की पूर्णता का मतलब पानी की सुचारू आपूर्ति है। अतः सभी अधिकारी इसके लिए यह सुनिश्चित करें कि कार्य पूर्ण होने के बाद पानी की सुचारू आपूर्ति हो रही है या नहीं।

■ पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अध्यक्षता में सिरोही, पाली, जालोर, सांचौर के विभागीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन



पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में मौजूद राज्य के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सभी अधिकारी राज्य सरकार की मंशानुरूप घर-घर जल पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा पानी चोरी करने वाले एवं पानी माफिया के विरूद्ध भी नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने अवैध कनेक्शनों के खिलाफ कार्यवाही को भी प्राथमिकता से करने की बात कही। राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने जिले में पानी की पर्याप्त उपलब्धता होने पर पानी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं 48 घंटे की जगह 24 घंटे में जलापूर्ति करने की बात कही।

स्थानीय सांसद लुम्बाराम चौधरी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पूर्व में भेजे गए पत्रों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जन प्रतिनिधियों द्वारा ध्यान में लाई गई समस्याओं को प्राथमिकता देने की बात कही साथ ही क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत करवाया। पिंडवाड़ा-आबू विधायक समाराम गरासिया एवं जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने भी क्षेत्र में विभिन्न प्रोजेक्ट्स के तहत लंबित कार्यों, अवैध कनेक्शन एवं गुणवत्ता विहीन कार्यों के बारे में अवगत करवाया जिस पर केबिनेट मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पूर्व विधायक पूराराम चौधरी, सुरेश कोठारी, श्रवणसिंह राव, महेन्द्र माली एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के पाली, जालोर, सिरोही, सांचौर के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत विशेष रेलगाड़ी रवाना होगी

**जालोर, (कासं)।** देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 के तहत 22 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे जवाई बांध रेलवे स्टेशन से विशेष रेलगाड़ी हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या ट्रेन रवाना होगी।

देवस्थान विभाग राजस्थान जोधपुर के सहायक आयुक्त ओमप्रकाश पालीवाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना-2024 के तहत 22 अक्टूबर को इस यात्रा गाड़ी में जवाई बांध रेलवे स्टेशन से 250, अजमेर रेलवे स्टेशन से 250 एवं जयपुर रेलवे स्टेशन से 280 यात्री सहित कुल 780 यात्री सवार होंगे। इन 780 यात्रियों को उनके रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के लिए सूचित किया जा रहा है। ताकि वे समस्त प्रक्रिया समय पर पूर्ण कर सकें। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त जोधपुर के अधीन जिलों के यात्रियों को जवाई बांध रेलवे स्टेशन पर प्रातः 7.30 बजे, सहायक आयुक्त अजमेर डिविजन के यात्रियों को अजमेर रेलवे स्टेशन पर प्रातः 10.30 बजे तथा सहायक आयुक्त जयपुर प्रथम व द्वितीय डिविजन के यात्रियों को जयपुर रेलवे स्टेशन पर दोपहर 1.30 बजे रिपोर्ट करनी होगी। ट्रेन में 6 दिन तक यात्रियों के आवास, भोजन इत्यादि की समस्त व्यवस्थाएँ देवस्थान विभाग, सरकार द्वारा की जायेगी।



रचिन रविंद्र ने बेंगलुरु टेस्ट में रचा इतिहास, रिकी पोंटिंग जैसे दिग्गजों के एलीट क्लब में हुए शामिल। बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के युवा बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने भारत के खिलाफ इतिहास रच दिया है। -रचिन रविंद्र

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज, बेंगलुरु टेस्ट में इतिहास रचने के बाद।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## विराट कोहली

**भारतीय** टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके साथ ही कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 9 हजार रन पूरे कर लिए हैं। इस मैच से पहले उन्हें इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 53 रनों की जरूरत थी। लेकिन पहली पारी में वह ऐसा नहीं कर पाए। लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने विरोधी गेंदबाजों को परेशान करके 70 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। विराट कोहली टेस्ट में 9000 रन बनाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** श्रीलंकाई गेंदबाज चमिंडावास बांग्लादेश के विरुद्ध मैच की पहली तीन गेंदों पर विकेट लेकर हैट्रिक बनाने वाले पहला गेंदबाज बने।

### दूसरी पारी में भारत का तगड़ा पलटवार

# कोहली-सरफराज के बीच बेहतरीन पार्टनरशिप



बेंगलुरू, 18 अक्टूबर। सरफराज खान (नाबाद 70) और विराट कोहली (70) के बीच तीसरे विकेट के लिए 163 गेंद में 136 रन की साझेदारी के दम पर भारत ने तीन मैच की श्रृंखला के पहले टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी दूसरी पारी को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचा कर मजबूत वापसी की।

टीम को हालांकि दिन की आखिरी गेंद पर कोहली के आउट होने से झटका लगा जो अपनी 102 गेंद की पारी के दौरान टेस्ट में 9000 रन पूरे करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बने। ग्लेन फिलिप्स (36 रन पर एक विकेट) की गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के दस्तानों पर चली गयी। उन्हें दूसरे छोर से सरफराज का अच्छा साथ मिला था जिन्होंने 70 गेंद की तेजतर्रार नाबाद पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाये।

पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने वाली भारतीय टीम अब भी न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे है। इससे पहले दिन के दूसरे सत्र में न्यूजीलैंड की पहली पारी 402 रन पर सिमटी। रचिन रविंद्र ने 157 गेंद में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 134 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने टिम साउथी (65) के साथ साथ आठवें विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी कर मैच पर दबदबा कायम किया। साउथी ने 73 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के लगाये।

मैच में बने रहने के लिए भारत को अच्छी शुरुआत की जरूरत थी। कप्तान रोहित शर्मा (52) और युवा यशस्वी जायसवाल (35) की जोड़ी ने ऐसा ही किया। दोनों ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए चाय के विश्राम टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। दिन के आखिरी सत्र में एजाज पटेल (70 रन पर दो विकेट) ने भारत को दो बड़े झटके दिये। उनकी गेंद पर जायसवाल क्रीज से बाहर निकलकर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में गच्चा खा गये और ब्लंडेल ने गिल्लियां बिखेर दी।

रोहित ने हेनरी के खिलाफ लगातार गेंदों में चौका, छक्का और चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया, इसके बाद कोहली ने पारी को संवारने का दारोमदार निभाते हुए फील्डरों के बीच से जगह तलाशने पर ध्यान दिया तो वही सरफराज आक्रामक रवैया अपनाया। भारत की आक्रामक बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड के गेंदबाज बैकफुट पर आ गये। सरफराज ने भारतीय पारी के 37वें ओवर में हेनरी के खिलाफ एक रन लेकर 42 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

कोहली ने भी इस गेंदबाज के अगले ओवर में टेस्ट करियर को 31वां अर्धशतक जड़ा। दिन के आखिरी घंटे के खेल में दोनों से संभल कर बल्लेबाजी करने पर ध्यान दिया। इस दौरान कोहली ने विलियम ओ'राउरकी के खिलाफ एक रन लेकर टेस्ट करियर के 9000 रन पूरे किये। उन्होंने फिलिप्स के खिलाफ दो चौके लगाये लेकिन इसी गेंदबाज ने दिन के आखिरी ओवर में उन्हें चलता कर भारत के मनोबल को थोड़ा कमजोर किया। इससे पहले दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 180 रन से करते हुए न्यूजीलैंड को रविंद्र जड़ेजा (72 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने खेल के शुरुआती घंटे में चार झटके दिए जिससे टीम का स्कोर सात विकेट पर 233 रन हो गया। जसप्रीत बुमराह (41 रन पर एक विकेट) और मोहम्मद सिराज (82 रन पर दो विकेट) ने बेहतर लाइन लेंथ से गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया।

### रोहित बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 8वें बल्लेबाज

बेंगलुरू 18 अक्टूबर। टेस्ट मैच में भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी फिफ्टी पूरी की और आउट हो गए। पहली पारी में 2 रन बनाने वाले रोहित दूसरी पारी में लय में दिखे। उन्होंने टीम के लिए अच्छी पारी भी खेली। वो बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन खराब तरीके से एजाज पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए।रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में बेहरीन बल्लेबाजी की और उन्होंने 63 गेंदों पर 52 रन जड़ दिए और इस दौरान एक छक्का और 8 चौके लगाए। अपनी इस पारी के दम पर रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 8वें नंबर पर आ गए हैं। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली के साथ सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ को पछाड़ दिया है। रोहित ने बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन बनाए और वो अब इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 8वें नंबर पर आ गए। उन्होंने तमीम इकबाल को पीछे छोड़ दिया जो पहले इस नंबर पर थे और अब वो नौवें स्थान पर चले गए। रोहित ने बतौर ओपनर इंटरनेशनल क्रिकेट में 360 पारियों में 15214 रन बनाए हैं जबकि तमीम इकबला ने 451 पारियों में 15210 रन बनाए थे।



# लम्बे समय बाद पाक को नसीब हुई जीत, इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में दी मात

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आखिरकार जीत मिल ही गई। मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम पर पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला गया, जिसे पाकिस्तान ने 152 रनों से जीत लिया। इसके साथ ही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में दोनों टीमें 1-1 से बराबर हो गई है।

इंग्लैंड की टीम को 297 रनों का टारगेट मिला था, जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम दूसरी पारी में महज 144 रनों पर ही सिमट गई। पिस्तान की ओर से नोमान अली ने दूसरी पारी में आठ विकेट अपने नाम किए। जबकि साजिद खान ने दो विकेट लिए।पाकिस्तान क्रिकेट टीम लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट में लगातार होम ग्राउंड पर हार झेल रही थी। कुछ समय पहले ही बांग्लादेश ने पाकिस्तान को उसकी ही जमीन पर टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीस्वीप किया था। पिछले 12 होम टेस्ट मैचों में पाकिस्तान की ये पहली जीत है।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स 36 गेंद पर 44 रन बनाकर आउट हुए और उनके विकेट के साथ ही इंग्लैंड की बची हुई उम्मीदें भी खत्म हो गईं। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने दूसरी पारी में महज दो ही गेंदबाजों का इस्तेमाल किया है।

साजिद खान और नोमान अली की स्पिन के सामने इंग्लिश बल्लेबाज पस्त नजर आए। इस पूरे मैच में पाकिस्तान की ओर से दोनों पारियों को मिलाकर किसी भी तेज गेंदबाज ने विकेट लिया ही नहीं। पहली पारी में साजिद खान ने सात और नोमान ने तीन विकेट अपने नाम किए और दूसरी पारी में नोमान ने आठ जबकि साजिद ने सात विकेट चटकाए।

### राव राजा हनुत सिंह कप : जयपुर टीम ने वी पोलो को हराया

जयपुर, 18 अक्टूबर। सितंबर पोलो सीज़न के अंतर्गत आरपीसी पोलो ग्राउंड पर राव राजा हनुत सिंह कप में आज पद्मनाभ सिंह की टीम ने वी पोलो के खिलाफ 8 गोल दागकर मैच को अपने नाम किया जबकि उनके विरोधी ने सिर्फ 5 गोल किए। मुकाबले



में पद्मनाभ का प्रदर्शन काफी दमदार रहा। उन्होंने अपनी टीम के लिए कुल 4 गोल किए। जयपुर पोलो टीम की ओर से सिमरन शेरगिल ने 2, वाटसन ने 2 ओर महाराज पदमनाभ सिंह ने 4 गोल किये वहीं वी पोलो के लिए निमित ने 1, गौरव सहगल ने 2, मजीनी ने 2 गोल किये इसके अलावा 1/2 का एडवांटेज मिला था।

# वेस्टइंडीज को 8 रन से हराकर न्यूजीलैंड फाइनल में

शारजाह, 18 अक्टूबर। जॉर्जिया पिलमर (33), सूजी बेट्स (26) और इसाबेला गेज ने (नाबाद 20) रनों की पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को महिला टी-20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जहां उसका मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा।



न्यूजीलैंड के 128 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में किआना जोसेफ (12) का विकेट गवां दिया। किआना को ईडन कार्सन ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद शमैन कैंपबेल (तीन) को भी कार्सन ने आउट किया। हेली मैथ्यूज (15), स्टेफनी टेलर (13) और आलिया ऑलेन (चार) और शडीन नेशन (शून्य)पर आउट हुई। डिएंड्रा डॉटिन ने 22 गेंदों में दो छक्के लगाते हुए (33) रनों की पारी खेली।

### रणजी ट्रॉफी में छाए इशान किशन, लगाया फर्स्ट क्लास करियर का 8वां शतक

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी सीजन 2024-25 मेंझारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान इशान किशन नेरेलवे के खिलाफ पहली पारी में कप्तानी पारी खेली। इशान किशन ने रेलवे के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया और पहले दिन का खेल खत्म होने तक झारखंड ने रेलवे के खिलाफ 5 विकेट पर 325 रन बना लिए थे। इशान के अलावा उनकी टीम के बल्लेबाज विराट सिंह ने भी शतकीय पारी खेली और वो अभी क्रीज पर 103 रन बनाकर नाबाद हैं।रेलवे के खिलाफ पहली पारी में झारखंड के 4 विकेट 145 रन पर गिर गए थे और इसके बाद इशान किशन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आए। उन्होंने इस नंबर पर टीम को संभालने का काम किया और 5वें विकेट के लिए विराट सिंह के साथ मिलकर 174 रन की शतकीय साझेदारी की और इसके बाद आउट हो गए। इशान किशन ने पहली पारी में टीम के लिए 101 रन की अहम पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 158 गेंदों पर का सामना किया और इस दौरान 2 छक्के और 13 चौके भी लगाए।

**राजस्थान-हिमाचल रणजी मैच**

# राजस्थान के महिपाल लोमरोर व यश कोठारी के अर्द्धशतक



जयपुर, 18 अक्टूबर। आज से धर्मशाला में बीसीसीआई की प्रतिष्ठित सीनियर प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी का राजस्थान-हिमाचल रणजी मैच शुरू हुआ। मैच के पहले दिन राजस्थान के बल्लेबाजों महिपाल लोमरोर व यश कोठारी नेशानदार अर्धशतकीय पारियां खेलते हुए पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान को पहली पारी में विशाल स्कोर की तरफ बढ़ाया।

**राजस्थान - हिमाचल रणजी मैच**
**( पहले दिन का स्कोर )**

राजस्थान पहली पारी 304/7

टॉस हारकर पहले खेलते हुए राजस्थान टीम ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट के नुकसान पर 304 रन बना लिए थे। राजस्थान के लिए महिपाल लोमरोर ने नाबाद 89 रनो की अर्धशतकीय पारी खेली व पहले दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद खेल रहे हैं। टीम के लिएमहिपाल लोमरोर नाबाद 89, यश कोठारी 84, दीपक हुड्डा 37, मानव सुथार 20, कुणाल सिंह 19 व अराफातखान नाबाद 20 रनो का योगदान दिया।

**राजधानी**

# अभियान के दौरान 16 हजार 548 अवैध जल कनेक्शन हटाए

### अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरूद्ध 17 लाख 11 हजार रुपये की लगी पेनल्टी

**जयपुर।** प्रदेश में अवैध कनेक्शन के विरूद्ध संचालित अभियान के दौरान 16 अक्टूबर तक 18 हजार 523 अवैध जल कनेक्शन चिन्हित किये गए। इनमें 16 हजार 548 हटाए गए एवं 980 नियमित किए गए। अभियान के तहत अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरूद्ध 17 लाख 11 हजार रुपये की पेनल्टी लगाई। वही अवैध कनेक्शन लेने वालो के विरूद्ध 12 एफआईआर भी दर्ज करवाई गई। सर्वाधिक 2 हजार 365 अवैध कनेक्शन जयपुर शहर में हटाए गए।

प्रमुख शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल भास्कर ए सावंत ने बताया कि डीग में 1854, जोधपुर में 1003, डीडवाना कुचामन में 988, तथा गंगापुर सिटी में 880 अवैध कनेक्शन हटाए गए। इसके अलावा अवैध कनेक्शन लेने वालों के विरूद्ध नीम का थाना में 6, जैसलमेर में 4, सांचौर में 1 एवं अजमेर में 1 सहित 12 जनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई गई।

■ **12 अवैध कनेक्शन लेने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध हुई एफआईआर दर्ज**

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि अभियान के दौरान भरतपुर रीजन में 4 हजार 678 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 4 हजार 315 कनेक्शन हटाए गए एवं 358 कनेक्शन नियमित किये गए। इसी तरह अजमेर रीजन में 3 हजार 796 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 3 हजार 340 कनेक्शन हटाए गए एवं 96 कनेक्शन नियमित किये गए। अलवर रीजन में 210 अवैध कनेक्शन चिन्हित किये गए जिनमें से 174 कनेक्शन हटाए गए एवं 29 कनेक्शन नियमित किए गए। बीकानेर रीजन में 906 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 829 कनेक्शन हटाए गए एवं 41 कनेक्शन नियमित किए गए। चूरू रीजन में 402 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 314 कनेक्शन हटाए गए एवं 7 कनेक्शन नियमित किए गए।

जयपुर प्रथम रीजन में 635 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 498 कनेक्शन हटाए गए एवं 71 कनेक्शन नियमित किए गए। जयपुर द्वितीय रीजन में 3 हजार 132 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 2 हजार 365 कनेक्शन हटाए गए एवं 76 कनेक्शन नियमित किए गए। जोधपुर प्रथम रीजन में 1 हजार 719 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 1 हजार 444 कनेक्शन हटाए गए एवं 58 कनेक्शन नियमित किए गए। जोधपुर द्वितीय रीजन में 1 हजार 384 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 1 हजार 185 कनेक्शन हटाए गए एवं 183 कनेक्शन नियमित किए गए। कोटा रीजन में 1 हजार 477 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 1 हजार 446 कनेक्शन हटाए गए एवं 20 कनेक्शन नियमित किए गए। उदयपुर रीजन में 184 अवैध कनेक्शन चिन्हित किए गए जिनमें से 138 कनेक्शन हटाए एवं 41 कनेक्शन नियमित किए गए।

### पूरक परीक्षाओं की तिथियों में बदलाव

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली समस्त स्नातक पूरक परीक्षाओं के कार्यक्रम में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा किये गये इस परिवर्तन के अनुसार पूर्व में निर्धारित 22 अक्टूबर को निर्धारित परीक्षा अब 26 अक्टूबर को 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाली परीक्षा 5 नवंबर को एवं 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा अब 6 नवंबर को आयोजित होगी।

### छात्रवृत्ति को पंजीयन 31 तक

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षिणक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षण संस्थाएं छात्रवृति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण 31 अक्टूबर तक कर सकते है। पूर्व में संस्थाओं हेतु कोर्स मैपिंग मान्यता एवं पाठ्यक्रम वार फीस स्ट्रक्चर आदि अद्यतन करने हेतु 20 अक्टूबर नियत थी।

# शिक्षा में निवेश के लिए प्रयास हो तेज : अविचल चतुर्वेदी




राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से यूडाइस एवं एपीएआर आईडी जनरेशन की समीक्षा की।

**जयपुर।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी शुक्रवार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से यूडाइस एवं एपीएआर आईडी जनरेशन की समीक्षा कर न्यून प्रगति वाले जिलों को तय सीमा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राईजिंग राजस्थान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत शिक्षा विभाग द्वारा दान-दाताओं एवं प्रवासी राजस्थानियों से शिक्षा में निवेश करवाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर के अधिकारी दान-दाताओं को ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से राईजिंग राजस्थान से जोड़ना सुनिश्चित करें ताकि दान-दाताओं को राज्य स्तर पर पहचान प्राप्त हो सके। शिक्षामंत्री महोदय के प्रयासों से प्रवासी राजस्थानी पैतृक जिलों में निवेश में रूचि दिखा रहे हैं। उन्होंने जिला अधिकारियों को जिलों में अवसंरचना से संबंधित तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बालिका विद्यालयों से आवश्यक कार्यों के प्रस्ताव अविलम्ब प्रेषित करने के निर्देश दिए।

■ **राजकीय विद्यालयों में बालिका सुरक्षा और ऑनलाइन डेटा अपडेशन के निर्देश दिए**

चतुर्वेदी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से शाला दर्पण पर सूचनाओं के और ऑनलाइन डेटा के अपडेशन के निर्देश दिए। साथ ही साथ जिलावार राजकीय विद्यालयों में मूलभूत आवश्यकताओं यथा लैब, स्मार्ट क्लास आदि की सूची प्रेषित करने और कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण सुनिश्चित करने व बालिकाओं की सुरक्षा में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

वीसी में एपीएआर आईडी और यूडाईस डेटा अपडेशन के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं के क्रम में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। वीसी में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ. रौनक बैरागी, उपायुक्त श्रीमती मोनिका बलारा एवं परिषद् के अधिकारी उपस्थित रहे। समस्त जिलों के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी-प्रारम्भिक एवं माध्यमिक, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी एवं समस्त प्रधानाचार्य वीसी में जुड़े।

# 'कला विषमता को दूर कर कलुषिता को धोती है'

**जयपुर।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती का तीन दिवसीय "राष्ट्रीय कला मिलन उत्सव" का समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ।

गुलाबी नगर जयपुर के मानसरोवर की कृष्णा सागर कालोनी स्थित महेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन अभिनंदन के सभागार में कला संवाद (संगोष्ठी) संपन्न हुआ। संवाद में भारतीय कला दृष्टि और आध्यात्म विषय पर राजस्थान साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष ने बताया कि भारतीय कला दृष्टि समग्र जीवन को प्रतिबिंबित करती है। मानव जीवन के लौकिक और लोकोत्तर सभी पक्ष हमारी सारी कलाओं में चित्रित और निर्मित होते हैं।

जीवन के अधूरे छूटे हुए स्वप्नों, आकांक्षाओं और लक्ष्यों को हम कला के माध्यम से पूर्ण कर आनन्द अनुभव करते हैं। कलाओं में आध्यात्मिक दृष्टि के कारण कलाकार सम्पूर्ण चराचर को अपने से अलग नहीं समझता और उन्हें अपनी निर्मिति में संयोजित करता है। जो कला मम से ममेतर को, प्रत्यक्ष से परोक्ष को और लौकिक से अलौकिक को जोड़ती है वह उतना ही आध्यात्मिक दृष्टि से सम्पन्न होती है।

चित्र, नृत्य, मूर्ति, संगीत ये सभी कलाएं ऐन्द्रिक सुखानुभूति विषयों के स्तर से ऊपर मनुष्य को उठाकर आनन्दमय कोष की ओर ले जाती है। यही उनके आध्यात्मिक स्तर का प्रमाण है। शास्त्रों में इस आनन्द को ब्रह्मानन्द सहोदर कहा जाता है।

सौन्दर्य शास्त्र की भारतीय अवधारणा विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग तथा पत्रिका एवं जन संचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.(डा.) नंदकिशोर पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि भारतीय सौन्दर्यशास्त्र में आध्यात्मिकता की प्रस्तुति है। इसी दृष्टि से वाल्मीकि रामायण से लेकर अभी तक के साहित्य और शिल्प में इसे प्रस्तुत किया जा रहा है। भारतीय वाद्य, संगीत, नाट्यय तथा निर्माण कला अध्यात्म को ही पुष्ट करते हैं। इसके माध्यम से भारतीयों ने जीवन जीने की कला सीखी है और मोक्ष की साधना की है।कला संवाद का संचालन संस्कार भारती जोधपुर प्रांत के अध्यक्ष जितेन्द्र जालोरी ने किया और जयपुर प्रांत की अध्यक्ष डॉ. मधु भट्ट तैलंग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

संस्कार भारती , जयपुर प्रांत द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय कलामिलन उत्सव" के अवसर पर मालवा की प्रसिद्ध देवी अहिल्याबाई पर आधारित नाटक "पुण्यश्लोका अहिल्याबाई" का मंचन किया गया। अहिल्याबाई एक अत्यंत प्रजावत्सल, न्यायदानी, राजनीति निपुण, सादगी की प्रतिमूर्ति शासिका थी। उन्होने अपनी निजी संपत्ति का उपयोग करते हुए भारत भर में 300 से अधिक मंदिरों, कुओं, बावड़ियों और अन्नक्षेत्रों की स्थापना की।उनके जीवन में अनेक पारिवारिक एवं राजनीतिक चुनौतियां आईं किन्तु उन्होंने बड़ी दृढ़ता से सभी का सामना करते हुए अपना धर्म किस प्रकार निभाया।

# मुख्यमंत्री ने जयपुर में स्पोर्ट्स हब बनाने का एम.ओ.यू. किया

## इसमें स्टेडियम, खेल प्रशिक्षण केन्द्र, खेल चिकित्सा व अन्य खेल सुविधायें विकसित होंगी

जयपुर, 18 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यू.के. रोड शो के दूसरे दिन नेशनल इन्स्टिट्यूट फॉर हेल्थ एंड केयर एक्सलैंस (एन.आई.सी.ई.) के वरिष्ठ वैज्ञानिक सलाहकार ह्यू मैकगायर से मुलाकात की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा में एन.आई.सी.ई. के काम पर व्यापक चर्चा की, जिसमें व्यावहारिक मार्गदर्शन के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने में चिकित्सकों का समर्थन, नई स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों का स्वतंत्र मूल्यांकन और करदाताओं के लिए मूल्य सुनिश्चित करते हुए रोगी परिणामों में सुधार के लिए नवाचार को बढ़ावा देना शामिल है। उन्होंने राज्य में स्वास्थ्य देखभाल दिशानिर्देश विकसित करने और नवीन स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों को शुरू करने में संभावित सहयोग पर भी चर्चा की।


- **मुख्यमंत्री भजनलाल की, नैशनल इंस्टीट्यूट फॉर हैल्थ एंड केयर एक्सलैंस के वरिष्ठ वैज्ञानिक सलाहकार के साथ, राज्य में उच्च गुणवत्ता वाली रोगी देखभाल सुविधाओं में सुधार, स्वास्थ्य दिशा निर्देश तथा नई स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों को शुरु करने पर चर्चा हुई।**
- **स्पोर्ट्स हब राजस्थान रॉयल्स की मालिक कम्पनी विकसित करेंगी।**

मुख्यमंत्री शर्मा व उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने पार्लियामैंट हाउस लंदन के सामने लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके अलावा, राज्य में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान में राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट टीम के मालिक, रॉयल मल्टीस्पोर्ट प्रा.लि. के अधिकारियों के साथ मुलाकात की। रॉयल मल्टीस्पोर्ट और प्रतिनिधिमंडल के बीच जयपुर शहर को स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने के लिए एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए। इसमें स्टेडियम, खेल प्रशिक्षण केन्द्र, खेल चिकित्सा व अन्य खेल सुविधाएं होंगी।

लंदन में "राइजिंग राजस्थान" इंवैस्टर मीट में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि वे जिस तरह से राइज़िंग राजस्थान को सफल बनाने के लिए मेहनत कर रहे हैं, इससे निश्चित है कि हम विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य की एक मज़बूत नींव रख रहे हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री जितने भी देशों में जा रहे है, वहाँ राजस्थान में निवेश के लिए व्यवसायियों में अत्यधिक उत्साह देखने का मिल रहा है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी उपस्थित निवेशकों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और राजस्थान दुनिया का आर्थिक और सांस्कृतिक केन्द्र बनने को तैयार है। उन्होंने निवेशकों से ज्यादा से ज्यादा निवेश करने की अपील करते हुए कहा कि वे भी राजस्थान आयें और राजस्थान की सक्सेस स्टोरी का हिस्सा बनें।



*लन्दन यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ब्रिटेन के पार्लियामेंट हाउस के सामने महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।*

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को प्रवासी राजस्थानी समुदाय से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यू.के. के प्रवासी समुदाय की उद्यिमता राजस्थान में व्यापार को प्रोत्साहित कर नए रोजगार के अवसर पैदा कर सकती है। दिया कुमारी ने "राइजिंग राजस्थान" के तहत, प्रवासी राजस्थानी समुदाय से अनुरोध किया कि वे राज्य में व्यापारिक अवसरों का अन्वेषण करें और नवाचार तथा निवेश के माध्यम से विकसित राजस्थान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।

## मोदी शनिवार को कर्मयोगी सप्ताह का शुभांरम करेंगे

नयी दिल्ली 18 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र में कर्मयोगी सप्ताह – राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। मिशन कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसमें उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के अनुकूल सिविल सेवा की कल्पना की गई है। राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह (एन.एल. डब्ल्यू.) अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा जो सिविल सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास की दिशा में नई प्रेरणा प्रदान करेगा। यह पहल सीखने और विकास के लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करेगी। एन.एल.डब्ल्यू. का लक्ष्य "एक सरकार" का संदेश देना, सभी को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ जोड़ना और आजीवन शिक्षण को बढ़ ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान प्रख्यात वक्ता अपने क्षेत्रों से जुड़े विषयों पर जानकारी देंगे और उन्हें अधिक प्रभावी तरीके से नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण की दिशा में काम करने में मदद करेंगे।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में 5 और गिरफ्तार

## इन लोगों पर साजिश में शामिल होने व लॉजिस्टिक सपोर्ट देने का आरोप है

मुंबई, 18 अक्टूबर। मुंबई में बीते दिनों एन.सी.पी. नेता और मायानगरी के चर्चित चेहरे बाबा सिद्दीकी की शुक्रवार को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आ रहा है। बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने सबसे बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने केस में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनपर बाबा सिद्दीकी की साजिश में शामिल होने और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने का आरोप है। पुलिस ने इस केस में 5 नए आरोपियों को गिरफ़्तार किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, नितिन और राम कनौजिया इन सभी आरोपियों का मुखिया था। इसी मॉड्यूल ने गोली चलाने वाले आरोपियों को हथियार पहुंचाया था। पुलिस की तरफ से ऐसा बताया गया है कि दोनों शूटर धर्मराज कश्यप और शिवकुमार के साथ भी संपर्क में थे। कर्जत में आरोपियों के साथ में 2 महीने तक रहे भी थे। इन्होंने आरोपियों को पैसे और लोकल मदद भी मुहैया कराई थी।

- **पुलिस सूत्रों के अनुसार, नितिन और राम कनौजिया आरेपियों के मुखिया थे। उन्होंने गोली चलाने वालों को हथियार पहुँचाये तथा आरोपियों को पैसे तथा लोकल मदद भी उपलब्ध कराई।**

पुलिस सूत्रों की जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी जिशान अख्तर और शुभम लोनकर के भी संपर्क में थे। गिरफ्तार आरोपी नितिन पर 3 मामले दर्ज है, मर्डर, हाफ मर्डर और आर्म्स एक्ट के। वहीं, राम कुमार पर भी कुछ आरोप दर्ज हैं। इन आरोपियों को हथियार सितंबर महीने के आस पास दिया गया था।

बाबा सिद्दीकी की हत्या को लेकर बीते दिन बेटे जीशान सिद्दीकी ने बयान जारी किया था। उन्होंने लिखा था– "मेरे पिता ने गरीब निर्दोष लोगों के जीवन और घरों की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवा दी। आज मेरा परिवार टूट गया है, लेकिन उनकी मौत का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए और निश्चित रूप से इसे व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। मुझे न्याय चाहिए, मेरे परिवार को न्याय चाहिए।"

## तमिलनाडू में राज्यपाल और...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

"पूरे देश में तमिल भाषा को आगे बढ़ाने के लिये क्या किया।"

राज्य में आयोजित "हिन्दी माह" के समारोहों एवं कार्यक्रमों के समापन के अवसर पर हिन्दी भाषा के बारे में अपने कथनों के माध्यम से, राज्यपाल ने भाषा-विवाद के गड़े मुर्दे उखाड़े हैं।

उत्तेजित हो चुके मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक्स पर पी.एम.ओ. को टैग करते हुये माँग की कि किसी गैर-हिन्दी भाषी राज्य में इस प्रकार के हिन्दी-माह नहीं मनाये जायें। उन्होंने हिन्दी-माह के आयोजनों के समापन समारोह के साथ ही, चेन्नई दूरदर्शन के स्वर्ण जयन्ती समारोहों की भी निन्दा की।

स्टालिन ने कहा, "भारत के संविधान में किसी भी भाषा को राष्ट्र भाषा का दर्जा नहीं दिया गया है। एक बहुभाषी राष्ट्र के किसी गैर-हिन्दी भाषी राज्य में हिन्दी-माह का आयोजन अन्य भाषाओं को छोटा करने के प्रयास के रूप में देखा जाता है।" उन्होंने आगे कहा, इसलिये मेरा सुझाव है कि गैर-हिन्दी भाषी राज्यों में इस प्रकार के हिन्दी-केन्द्रित आयोजनों से बचा जाना चाहिये तथा इनके बजाय, संबंधित राज्यों में स्थानीय भाषा माह के आयोजन प्रोत्साहित किये जाने चाहिये।" हिन्दी भाषा के बारे में स्टालिन के इस जबरदस्त बयान से एक्स पर विस्फोटक स्थिति पैदा हो गई है तथा इस बिन्दु को लेकर स्टालिन पर संदेह के जबरदस्त प्रहार हो रहे हैं कि स्टालिन एक यूरोपियन भाषा को लेकर सहज, लेकिन एक भारतीय भाषा के खिलाफ क्यों हैं। अब, इस सब के बावजूद, बहुत से द्रमुक नेताओं, जिनमें स्टालिन के स्वर्गीय पिता एम. करूणानिधि भी शामिल हैं, के ऐसे स्पष्टीकरण भी आ रहे हैं कि राज्य किसी भाषा के खिलाफ नहीं है, किन्तु किसी भाषा के थोपे जाने का विरोध कर रहा है। हिन्दी को दिया जा रहा जरूरत से ज्यादा महत्व तथा इसे आक्रामक रूप से आगे बढ़ाया जाना ही एक ऐसी चीज़ है, जिसका विरोध यह राज्य पिछले कई दशकों से करता आ रहा है।

## सिनवार की हत्या कर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में नेतन्याहू कई बड़े लक्ष्य निहित हैं। उन्होंने दिखा दिया है कि उनके नेतृत्व में इज़रायल हर उस व्यक्ति, देश या संस्था को सजा दे सकता है, चाहे सामने कोई भी हो। नेतन्याहू हमास के खिलाफ युद्ध बंद करने का भारी दबाव था। अमेरिका जैसे सच्चे दोस्त ने भी युद्ध बंद करने का दबाव डाला था। इज़रायल विरोधी आतंकी संगठनों को नेतृत्व विहीन कर देना इन संगठनों के मसीहा ईरान के लिए भारी झटका है। इज़रायल ने जब हिज्बुल्लाह के चीफ को मार दिया था तब ईरान ने इज़रायल पर हमला भी किया। सभी को उम्मीद थी कि इज़रायल जवाब देगा, पर इज़रायल ने इसका सीधा जवाब नहीं दिया। ऐसा लगता है कि इज़रायल ने अपनी प्राथमिकता तय कर ली है। ईरान से बदला लेने की बजाय उसका सारा फोकस पड़ौस के आतंकी संगठनों का खात्मा करने पर है। इससे उसकी ताकत बढेगी और वह अपनी शर्तों पर युद्ध खत्म करने की स्थिति में आ सकता है। इन आतंकी संगठनों पर निर्णायक जीत से इन संगठनों के प्रति ईरान के समर्थन का पर्दाफाश भी हो सकता है। अभी तो यही इतंज़ार है कि सिनवार की हत्या पर ईरान क्या प्रतिक्रिया देगा। ईरान दोबारा इज़रायल पर हमला करेगा इसकी संभावना तो नहीं लगती है।

# 'बाल विवाह जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता का उल्लंघन है'

## सुप्रीम कोर्ट ने देश में हो रहे बाल विवाहों पर तीखी टिप्पणी की

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर। बाल विवाह के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए शुक्रवार को सख्त टिप्पणी की और कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम को पर्सनल लॉ के जरिए बाधित नहीं किया जा सकता। साथ ही कोर्ट ने कहा कि बाल-विवाह और अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का उल्लंघन है।

देश में बाल विवाह में वृद्धि का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह की रोकथाम पर कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कई दिशानिर्देश जारी किए। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जज जेबी पारदीवाला और जज मनोज मिश्रा की पीठ ने देश में बाल विवाह रोकथाम कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ये दिशानिर्देश जारी किए हैं।

सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश में कहा गया कि इस तरह के विवाह नाबालिगों की जीवन चुनने की स्वतंत्र इच्छा का उल्लंघन हैं। प्राधिकारियों को बाल विवाह की रोकथाम और नाबालिगों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए तथा अपराधियों को अंतिम उपाय के रूप में दंडित करना चाहिए।

पीठ ने यह भी कहा कि बाल विवाह रोकथाम कानून में कुछ खामियां हैं।

- **मुख्य न्यायाधीश सहित तीन न्यायाधीशों की बैंच ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए कानून के प्रभावी कार्यान्वयन पर दिशा निर्देश जारी किये।**

बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 बाल विवाह को रोकने और समाज से उनके उन्मूलन को सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया था। इस अधिनियम ने 1929 के बाल विवाह निरोधक अधिनियम का स्थान लिया।

पीठ ने कहा, ये रणनीति अलग-अलग समुदायों के लिए बनाई जानी चाहिए। कानून तभी सफल होगा जब बहु-क्षेत्रीय समन्वय होगा। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की आवश्यकता है।

जुलाई में जारी इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन रिपोर्ट ने बाल विवाह से निपटने के लिए असम सरकार के प्रयासों की सराहना की। रिपोर्ट में कहा गया कि कानूनी कार्रवाई के जरिए असम में बाल विवाह के मामलों को कम किया है। 2021-22 और 2023-24 के बीच राज्य के 20 जिलों में बाल विवाह के मामलों में 81 प्रतिशत की कमी आई है।

## प्रधानमंत्री 27 को जयपुर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसे लेकर पिछले कुछ महीनों से लगातार काम कर रही है। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर जयपुर में रोशनी कार्यक्रम का हिस्सा भी बनेंगे।

इस कार्यक्रम के लिए राजस्थान सरकार के जल संसाधन विभाग की ओर से सम्पूर्ण व्यवस्थाएं की जा रही हैं, इसलिए माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी यहाँ विधिवत् रूप से ई.आर.सी.पी. का उद्घाटन कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की सभा के लिए वाटिका के पास दादिया गांव में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इससे पहले इसी स्थान पर लोकसभा चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी की सभा हुई थी। आम चुनाव के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी जयपुर आ रहे हैं।

## नाबालिग से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दुष्कर्म किया। फिर, दस मार्च, 2019 को अभियुक्त उसे कॉलेज के बाहर से गाड़ी में बैठाकर ले गया। इस समय अभियुक्त की बहन और जीजा भी बस में मौजूद थे। अभियुक्त की बहन की ओर से पिलाए गये पानी से वह अर्ध बेहोशी में चली गई। इसके कुछ देर बाद वो लोग उसे बस से उतार कर चले गए। रिपोर्ट में कहा गया कि 17 जून, 2019 को उसके पिता के पास थाने से फोन गया कि अभियुक्त ने थाने में शिकायती पत्र दिया है और उसमें शादी का प्रमाण पत्र भी है।

तब पीड़िता ने अपने पिता को घटना की जानकारी दी। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

## प्रधानमंत्री मोदी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सदस्य देशों के अपने समकक्षों और आमंत्रित नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं।

रूस इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीक शामिल हैं। सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्त्र, अर्जेंटीना और संयुक्त अरब अमीरात इसके नए सदस्य हैं।

इससे पहले 8 जुलाई को पीएम मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा पर रूस गए थे। यहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित किया था।

# एन.डी.ए. ने झारखंड में सीटों के बंटवारे का फार्मुला तय किया

## फार्मुला के अनुसार भाजपा 68, ऑल झारखण्ड स्टूडैन्ट्स यूनियन 10, जदयू 2 तथा एल.जे.पी. 1 सीट पर लड़ेंगे

रांची, 18 अक्टूबर। झारखंड में विधानसभा चुनाव का ऐलान होने के साथ ही राजनीति गरमा गई है। एन.डी.ए. में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। भारतीय जनता पार्टी 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि एल.जे.पी. एक और जनता दल यूनाइडेट दो सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। असम के मुख्यमंत्री और झारखंड के बीजेपी प्रभारी हिमंत विश्व शर्मा ने कहा, "सीटों पर चर्चा हो रही है आगे भी चर्चा जारी रहेगी। अभी तक की चर्चा में ऑल झारखंड स्टूडैंट्स यूनियन (ए.जे.एस.यू.)10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी... जेडीयू 2 सीटों और एल.जे.पी. 1 सीट पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा बाकी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसमें थोड़े बहुत बदलाव हो सकते हैं।" ए.जे.एस.यू. के नेता सुदेश महतो ने कहा कि पूरे राज्य की भावना है कि दोनों दल साथ में चुनाव लड़ें। हम संयुक्त रूप से चुनाव में जाएंगे। लोग चाहते हैं कि एक कल्याणकारी सरकार का गठन हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार निजी हित में कितनी दूर जा सकती है यह पूरे भारत देश में एक उदाहरण है।

- **माना जा रहा है कि यह फार्मूला लगभग तय हो गया है। वैसे घटक दलों के साथ भाजपा की चर्चा के दौर अभी जारी रहेंगे।**

झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में कराए जाएंगे। राज्य में पहले चरण का चुनाव 13 नवंबर को होगा जब कि दूसरे चरण का चुनाव 20 नवंबर को होगा। वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।हिमंत विश्व शर्मा ने कहा, "सीट बंटवारे के समझौते के मुताबिक झारखंड में राजग की सहयोगी ए.जे.एस.यू. पार्टी 10 सीट पर, जद(यू) दो और लोजपा (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। यह लगभग तय है।"

शर्मा ने कहा, ए.जे.एस.यू. सिल्ली, रामगढ़ , गोमिया, ईचागढ़ , मांडू, जुगसलाई, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा और मनोहरपुर से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि जद(यू) जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़ से जबकि लोजपा (रामविलास) चतरा से चुनाव लड़ेगी। शर्मा ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। समझौते के अनुसार, भाजपा 68 सीट पर चुनाव लड़ेगी। शर्मा ने कहा कि हालांकि चर्चा जारी है और जल्द ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## आर.जे.एस. भर्ती परीक्षा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसके साथ ही, अदालत ने मामले में हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को भी जवाब देने के लिए कहा है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सी.जे.आई.) डी. वाय. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने यह आदेश अनंत मिश्रा व अन्य की याचिकाओं पर सयुंक्त सुनवाई करते हुए दिया।

याचिकाओं में कहा कि, आर.जे.एस. की मुख्य परीक्षा का परिणाम एक अक्टूबर को घोषित किया गया और चार अक्टूबर को उन्हें उत्तर पुस्तिका के नंबर पता चले, जिससे उन्हें पता चला कि उनके अंग्रेजी विषय में बहुत ही कम अंक आए। जबकि, वे नैशनल लॉ युनिवर्सिटी से पास हुए हैं और कुछ अभ्यर्थियों का माध्यम अंग्रेजी रहा है। लेकिन भर्ती के अंग्रेजी निबंध लेखन की परीक्षा में उन्हें ज़ीरो, एक, दो, तीन व चार अंक दिए हैं, उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन मनमाने तरीके से किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सुनवाई कर रजिस्ट्रार जनरल से जवाब मांगते हुए 15 अंक से कम वाली उत्तर पुस्तिकाओं को कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि, आर.जे.एस. के 222 पदों के लिए हुई मुख्य परीक्षा में 3000 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। इनमें से 638 अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है।

## निज़ामुद्दीन उर्स के लिए 82 पाक ज़ायरीनों को वीज़ा

इस्लामाबाद/नयी दिल्ली, 18 अक्टूबर। राष्ट्रीय राजधानी में हजरत निजामुद्दीन औलिया के वार्षिक उर्स में शामिल होने के लिए 82 पाकिस्तानी जायरीनों को 19-25 अक्टूबर तक वैध भारतीय वीजा दिया गया। पाकिस्तानी पत्रकार शौकत पिराचा के अनुसार, पाकिस्तानी जायरीन शनिवार को वाघा सीमा पार कर भारत में प्रवेश करेंगे।

# शिवसेना ( शिन्दे ) को टिकट देने को तैयार नहीं भाजपा कार्यकर्ता

## भाजपा ने कार्यकर्ताओं के रोष पर काबू पाने के लिए कड़े कदम उठाये

महाराष्ट्र, 18 अक्टूबर। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई है। 20 नवंबर को महाराष्ट्र में सभी सीटों पर एक चरण में वोटिंग होगी। इस बीच, एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना ने नागपुर की रामटेक विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। एकनाथ शिंदे ने यहां से पूर्व निर्दलीय विधायक आशीष जयसवाल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है, लेकिन भाजपा के पूर्व विधायक मलिकार्जुन रेड्डी ने इस उम्मीदवारी को लेकर बगावत शुरू कर दी है, जिसके बाद भाजपा ने उन्हें पार्टी से 6 साल के लिए निलंबित कर दिया।

- **भाजपा कार्यकर्ता नागपुर के पास रामटेक तथा चन्द्रपुर की वरोरा सीट शिन्दे सेना को नहीं देना चाहते। भाजपा ने पूर्व विधायक मल्लिकार्जुन रेड्डी को 6 साल के लिए निलम्बित किया। पर रेड्डी ने पूरे मामले में भाजपा अध्यक्ष को पत्र लिखा।**

हालांकि, मल्लिकार्जुन रेड्डी अब भी खुद को भाजपा का कार्यकर्ता बता रहे हैं और उन्होंने निलंबन वापस लेने व आशीष जयसवाल को उम्मीदवार नहीं बनाने के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र तक लिख दिया है। भाजपा से निलंबित पूर्व विधायक मल्लिकार्जुन रेड्डी ने कहा कि रामटेक क्षेत्र में वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मजबूत कैसे करेंगे, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री हैं, शिंदे गुट को क्यों स्वीकार करेंगे, हमेशा के लिए उन्हें कैसे मुख्यमंत्री मानेंगे, वह एक्सीडैंटल मुख्यमंत्री बन गए हैं, हमारे विधायक ज्यादा आते हैं, अभी हमारे विधायक ज्यादा आएंगे तो मुख्यमंत्री शिंदे जी को कैसे बनाएंगे। उन्होंने कहा कि बिना नोटिस दिए उनके ऊपर कार्रवाई की गई है, इसलिए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र भेजा है। इस तरह की बगावत महाराष्ट्र की सिर्फ एक सीट को लेकर नहीं है। महाराष्ट्र की, चंद्रपुर स्थित वरोरा विधानसभा सीट में भी भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विद्रोह का बिगुल फूंक दिया है। भाजपा के कार्यकर्ता अपना विरोध जताने के लिए नागपुर के विदर्भ कार्यालय में बड़ी संख्या में पहुंच गए और संगठन मंत्री के सामने जमकर नारेबाजी की। इन लोगों की मांग है कि चंद्रपुर की वरोरा सीट शिवसेना को नहीं देनी चाहिए। इस सीट पर भाजपा का पक्ष काफी मजबूत है, इसलिए पार्टी को इस सीट से उम्मीदवार खड़ा करना चाहिए, जबकि वरोरा की सीट शिवसेना के कोटे में जाने की खबर है।

## आप नेता सत्येन्द्र जैन को जमानत मिली

नयी दिल्ली, 18 अक्टूबर। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सत्येन्द्र जैन को प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) की ओर से उनके खिलाफ दर्ज धन-शोधन मामले में शुक्रवार को नियमित जमानत दे दी।

राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने अभियोजन और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद जैन को कई शर्तों पर जमानत दी।

अदालत ने लंबे मुकदमे और करीब 18 महीने की कैद को देखते हुए, उनकी नियमित जमानत याचिका स्वीकार की। अदालत ने उन्हें 50,000 रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के दो जमानतदारों की शर्त पर जमानत दी। इसके अलावा, मामले से संबंधित गवाहों से संपर्क न करने या उन्हें प्रभावित न करने और पूर्व अनुमति के बिना भारत से बाहर न जाने का भी उन्हें निर्देश दिया गया है।

## कांग्रेस ने महाराष्ट्र में दस हजार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सरकार को दिया गया है।"

उन्होंने किसी का नाम लिये बिना कहा, "महाराष्ट्र स्टेट रोड डवलमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एम.एस.आर. डी.सी.) ने महाराष्ट्र में विभिन्न राजमार्ग प्रोजेक्टों, जैसे विरार अलीबाग मल्टीमोडल कॉरिडोर (एम.एम.सी.) पुणे रिंग रोड (पी.आर.आर.) आदि के लिये प्राइस बिड खोली थीं। एम.एस. आर.डी.सी. का एक नियम था कि एक बिडर को केवल दो पैकेज तक ही मिलेंगे, लेकिन इस नियम को बदल दिया गया, और इसे बदलने के लिये आठ प्रोजेक्टों को टनल प्रोजेक्ट के रूप में परिभाषित कर दिया गया तथा इसके लिए पात्रता-शर्तें अलग प्रकार की कर दी गईं। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि अधिकांश पैकेज कुछ गिनी-चुनी फर्मों को ही दिये जा सकें।"

खेड़ा ने आरोप लगाया कि एम.एस.आर.डी.सी. ने इन टनल प्रोजेक्टों के लिये पूर्व-पात्रता-शर्तें (प्री-क्वालिफिकेशन क्राइटेरिया) बदल दीं, जबकि इसके पूर्ववर्ती प्रोजेक्टों, जैसे "मिसिंग लिंक एंड मुम्बई नागपुर" में ऐसा नहीं किया गया था, जहाँ टनल के व्यास और लम्बाई के लिये प्री-क्वालिफिकेशन क्राइटेरिया व्यास के लिए 50 प्रतिशत तथा लम्बाई के लिए 20 प्रतिशत रखा गया था तथा ऐसा ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इन्डिया (एन.एच.ए.आई.) मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रान्सपोर्ट एंड हाईवेज़ (एम.ओ.आर. टी.एच.), बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन (बी.आर.ओ.), नैशनल हाईवेज़ एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एन.एच.आई.डी.सी.एल.) तथा अन्य करते हैं।

खेड़ा ने कहा कि यह सी.ए.जी., मीडिया, अदालत तथा महाराष्ट्र के मतदाताओं के लिए जगाने वाली घंटी (वेक-अप-कॉल) है।

खेड़ा ने कहा, "जब महाराष्ट्र में कांग्रेस की सत्ता आयेगी, तो इस घोटाले में लिप्त कोई भी व्यक्ति, चाहे वह दिल्ली में बैठा हो या मुम्बई के मन्त्रालय में, बख्शा नहीं जायेगा।

खेड़ा ने पूछा, "क्या प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण तथा सड़क यातायात एवं राजमार्ग विभाग के केन्द्रीय मन्त्री नितिन गडकरी इस चुनावी बॉन्ड घोटाला के लिये जवाबदेह बनाये जायेंगे, जिसमें महाराष्ट्र की जनता से हजारों करोड़ रुपयों की धोखाधड़ी की गई है।

## आखिर आदमखोर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साथ पूरे जंगल को घेरेंगे और अपने स्तर पर पैंथर को पकड़ने के लिए घेरा डालेंगे। इसके लिए शुक्रवार सुबह से ही ग्रामीण जुटने लगे थे, इस बीच टीम ने पैंथर को शूट कर दिया। गांव वालों ने कहा कि सबसे पहले तो यह देखने की जरूरत है कि यही आदमखोर पैंथर है या नहीं। अगर ये आदमखोर नहीं है तो यहां पर सुरक्षा बढ़ाई जाए और पिंजरे लगाए जाएं।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908